धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, गुरुवार
26.09.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आश्विन, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 77 | 12




फिल्म सीटीआरएल का ट्रेलर रिलीज

## न्यूज डायरी

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज आयेंगे धनबाद

**रांची।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज गुरुवार को धनबाद जिले के रणधीर वर्मा स्टेडियम में दोपहर 2.30 बजे से परिवर्तन महासभा को संबोधित करेंगे। एक अन्य खबर के अनुसार केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को दोपहर 3 बजे गुमला के सिसई स्थित थाना मैदान में परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। वे शाम 5 बजे गुमला में रोड शो भी करेंगे।

### मलेशिया में झारखंड के 70 श्रमिक फंसे

**गिरिडीह।** राज्य के प्रवासी मजदूरों का विदेश में फंसने का सिलसिला खत्म नहीं हो रहा है। एक बार फिर मलेशिया में झारखंड के 70 मजदूर के फंसे होने का मामला सामने आया है। मलेशिया में फंसे मजदूर झारखंड के गिरिडीह, हजारीबाग, बोकारो और धनबाद जिले के रहने वाले हैं। मजदूरों ने सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो शेयर कर हेमंत सोरेन सरकार से वतन वापसी की गुहार लगायी है।

### आज से कोल्हान में मंइयां सम्मान यात्रा

**रांची।** पलामू प्रमंडल के गढ़वा से शुरू हुई मंइयां सम्मान यात्रा का बुधवार को पलामू प्रमंडल में पहला चरण समाप्त हो गया। अब इस यात्रा का दूसरा चरण गुरुवार से कोल्हान प्रमंडल के बहरागोड़ा से शुरू होगा। पलामू में मंईयां सम्मान यात्रा में शामिल महिलाओं की भीड़ को झामुमो ने स्वतः स्फूर्त बताया। झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि जिस तरह से मंईयां सम्मान यात्रा को जनसमर्थन मिल रहा है उससे साफ है कि राज्य में दोबारा हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनेगी।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 93000 रु./प्रति किलो |




सीएम ने भोगनाडीह में आयोजित कार्यक्रम में ऑनलाइन हिस्सा लिया

# बाहरी लोग माहौल खराब करेंगे उनसे सावधान रहें : हेमंत सोरेन

- झारखंड के लोगों को खनिज संपदाओं का नहीं मिला लाभ
- 311.84 करोड़ रुपये की 264 योजनाओं का शिलान्यास और ऑनलाइन किया उद्घाटन।



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** साहिबगंज के भोगनाडीह में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के चौथे चरण का समापन हो गया। समापन समारोह को सीएम हेमंत सोरेन ने राजधानी रांची से ही ऑनलाइन संबोधित किया और भाजपा पर खूब निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ बाहरी लोग पैसा कौड़ी, हड़िया दारू लेकर झारखंड में घुसेंगे और झारखंड का माहौल खराब करने की साजिश करेंगे। आरएसएस के लोग समाज को तोड़ने का प्रयास करेंगे। सीएम ने कहा कि ऐसे समय में ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरुरत है।

**डेमोग्राफी के नाम पर माहौल बिगाड़ने की कोशिश :** सीएम ने कहा कि इन दिनों डेमोग्राफी की खूब बात हो रही है, लेकिन सच यह है कि झारखंड की डेमोग्राफी में कोई बदलाव नहीं हुआ है। लेकिन भाजपा के लोग फिर भी घुसपैठियों की बात करेंगे। अगर हम नहीं लड़ेंगे तो ये हमें अंग्रेजो की तरह यहां-वहां फेंक देंगे।

### महिला सशक्तिकरण और रोजगार प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने यह संकल्प लिया है कि राज्य की आधी आबादी विभिन्न योजनाओं से जोड़कर सशक्त बनायेगी। इसी कड़ी में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत की गई है। पिछले 20 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूह को मात्र ₹600 करोड़ का फंड दिया गया था जिससे उनका अपेक्षित विकास संभव नहीं हो पाया, लेकिन उनकी सरकार ने पिछले 4 वर्षों में ₹10 हजार करोड़ की राशि का फंड महिला स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध कराया।

**रोजगार देने में भी सरकार रही आगे :** सीएम ने कहा कि रोजगार और नौकरी उपलब्ध कराने की दिशा में भी राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत रही है। डेढ़ से दो लाख लोगों को निजी क्षेत्र में नियुक्त किया। वहीं अलग-अलग चरणों में हजारों की संख्या में सरकारी नियुक्तियां भी की। उन्होंने कहा कि लगभग 40 से 50 हजार नियुक्तियों का सिलसिला जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत युवा वर्ग को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां की खनिज संपदाओं का पूरा लाभ राज्य के लोगों को आज तक नहीं मिला है।

उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने 11 लाख हरा राशन कार्ड को रद्द कर दिया था लेकिन झामुमो की सरकार बनते ही 20 लाख अतिरिक्त राशन कार्ड जारी किया गया। उनकी सरकार राज्य में सभी को रोटी, कपड़ा व मकान उपलब्ध करा रही है। राज्य सरकार ने सरना धर्मकोड विधायक पारित कर केंद्र को भेजा, परंतु दुर्भाग्य है कि केंद्र ने हमारे इस महत्वपूर्ण विधेयक पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

### पीएम को सीएम का पत्र

### ...और कुछ नहीं मांगते हमारा बकाया ही दे दें

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये का बकाया भुगतान करने की मांग की है। उन्होंने लिखा कि हमारी मांग सिर्फ न्याय की है, विशेषाधिकार की नहीं। झारखंड के लोगों ने अपने राज्य के लिए लंबा संघर्ष किया है और अब हम चाहते हैं कि हमारे संसाधनों एवं अधिकारों का उचित उपयोग हो। उन्होंने कहा कि झारखंडियों का हक मांगों तो ये जेल डाल देते हैं, पर हमें अपने हक के लिए हर कुबार्नी मंजूर है। उन्होंने कहा कि हम अन्य राज्यों की तरह विशेष दर्जा नहीं मांग रहे, न ही हम केंद्रीय बजट का बड़ा हिस्सा मांग रहे हैं। हमें बस हमारा हक दे दीजिये। हम बकाया के 1 लाख 36 हजार करोड़ से झारखंड को विकास के नये पथ पर ले जायेंगे। ऐसा विकास जो हमारे पर्यावरण, आदिवासी-मूलवासी एवं हर एक झारखंडी समुदायों के हितों की रक्षा करे। उन्होंने आगे लिखा कि हमारे हक पर केंद्र सरकार जल्द फैसला ले। झारखंड के विकास में बाधा न बने।

### सरफराज अहमद बने झारखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष



**रांची।** राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद झारखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष चुने गये हैं। अध्यक्ष पद के लिए स्थानीय हज हाउस में हुए चुनाव में सरफराज अहमद ने एक वोट से अपने निकटम प्रतिद्वंदी अबरार अहमद को शिकस्त दी। सरफराज को कुल पांच वोट मिले, जबकि अबरार को चार वोट मिले। बताते चलें कि डॉ सरफराज अहमद वर्ष 2019 में झामुमो के टिकट पर गांडेय सीट से विधायक निर्वाचित हुए थे। बाद में उन्होंने इस सीट को छोड़ दिया। इसके बाद इस सीट पर उपचुनाव में कल्पना सोरेन ने जीत हासिल की। बता दें कि झारखंड सरकार ने साढ़े चार साल बाद सुन्नी वक्फ बोर्ड का गठन किया है।

मंइयां सम्मान यात्रा में कल्पना सोरेन ने कहा

## हेमंत को जेल भेजने वालों को सबक सिखाने का यही मौका

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** मंईयां सम्मान यात्रा बुधवार को लातेहार पहुंची। इस मौके पर गांडेय विधायक सह सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने भाजपा पर निशाना साधा। श्रीमति सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन को जेल भेजने वालों को सबक सिखाने का समय आ गया है। साजिश करनेवालों को झारखंड से बाहर भेज देना है। दरअसल मंइयां सम्मान यात्रा कार्यक्रम के तहत मंत्री बेबी देवी और दीपिका सिंह पांडे के साथ कल्पना सोरेन भ्रमण पर निकली हैं।

लातेहार में कल्पना ने कहा कि मंइयां सम्मान योजना के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड की बेटियों, बहनों और माताओं को सम्मान दे रहे हैं। हेमंत सोरेन ने झारखंड के विकास के लिए जो कार्य किया है वह अपने आप में



मिसाल है, पर कुछ बहुरूपिए इस समय झारखंड का दौरा कर आप लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं और झारखंड के विकास बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। कार्यक्रम में मंत्री बेबी देवी, बैद्यनाथ राम और दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंड में ऐसा माहौल तैयार किया है, जहां बेटियों को जन्म से लेकर बुढ़ापे तक किसी न किसी रूप से सरकारी योजना का लाभ मिलेगा।

### सेवानिवृत्ति और पेंशन लाभ दे सरकार : कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा है कि समायोजन में देरी को सेवानिवृत्ति लाभ भुगतान नहीं करने का आधार नहीं बनाया जा सकता। अदालत ने सरकार को सभी प्रार्थियों को सेवानिवृत्ति और बकाया वेतन भुगतान करने का निर्देश दिया। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता सौरभ शेखर और अनुराग कुमार ने कोर्ट को बताया कि 2019 में प्रार्थी का नाम समायोजन के लिए अनुशंसित किया गया। वर्ष 2020 में समायोजन के आदेश से पूर्व वे सेवानिवृत्त हो गए और समायोजन के अभाव में उन्हें सेवानिवृत्ति लाभ नहीं दिया गया। सरकार की ओर से देरी का प्रभाव प्रार्थियों की सेवानिवृत्ति लाभ पर नहीं पड़ना चाहिए। वहीं सरकार की ओर से कहा गया कि बिना समायोजन के पेंशन देना उचित नहीं है, इसलिए, उन्हें सेवानिवृत्ति लाभ नहीं दिया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि सरकार की गलती से समायोजन में नहीं हुआ। इसका प्रभाव पीड़ित पक्ष पर नहीं पड़ना चाहिए।

सिमडेगा, पलामू और सरायकेला में परिवर्तन यात्रा आयोजित

## केंद्रीय योजनाएं लागू नहीं कर रही राज्य सरकार: विष्णुदेव साय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/कुरडेग।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार को सिमडेगा के कुरडेग में आयोजित परिवर्तन महासभा में शामिल हुये। इस अवसर पर श्री साय ने कहा कि झारखंड में परिवर्तन होकर रहेगा। उन्होंने गठबंधन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यहां लूटने वाली सरकार है। यह शर्म की बात है कि हेमंत सोरेन भ्रष्ट्राचार के आरोप में जेल गये। अभी वे जमानत में हैं। कांग्रेसी नेताओं के घर से 300 करोड़ रुपया मिला। उन्होंने कहा कि सरकार बदलना है और भाजपा की सरकार बनानी है।



उन्होंने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। उन्होंने केंद्र की योजनाओं का जिक्र करते हेमंत सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, जेएमएम के भ्रष्ट्राचार के कारण राज्य में हर परीक्षा पेपर लीक हो रही है। अगर राज्य में डबल इंजन की सरकार बनेगी तो निश्चित रुप से इन समस्याओं के समाधान के साथ राज्य का विकास होगा।

### जनता की इच्छा है राज्य की बागडोर संभालूं : अर्जुन

**रांची/सरायकेला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने दावा किया कि झारखंड में जनता ने अब बदलाव का मन बना लिया है। वे बुधवार को सरायकेला में परिवर्तन यात्रा को संबोधित कर रहे थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झारखंड को सवांरने का काम भी भाजपा ही कर सकती है। उन्होंने कांग्रेस की सरकार पर आदिवासियों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के कारण 17 युवाओं की मृत्यु हो गयी। श्री मुंडा ने कहा कि जनता चाहती है कि मैं दोबारा राज्य की बागडोर संभालूं। हालांकि यह तय पार्टी आलाकमान करेगी।

### आदिवासियों का हित नहीं चाहती हेमंत सरकार : रवि



**रांची/पांकी।** भोजपुरी स्टार और गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन ने कहा कि हिन्दूओं को एकजुट होकर वोट करना चाहिये। श्री किशन बुधवार को पांकी और बालूमाथ में परिवर्तन यात्रा को संबोधित कर रहे थे। रवि किशन ने वर्तमान की झारखंड सरकार पर निशाना साधा और कहा कि झारखंड में हेमंत सरकार जिहादियों का पोषक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि जब झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी तभी आदिवासी और अन्य लोग सुरक्षित होंगे। सांसद ने कहा कि झारखंड में खनिज संपदा की कमी नहीं है लेकिन वर्तमान में राज कर रहे लोगों ने लूट की गंगा बहा दी है। परिवर्तन यात्रा राज्य की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने का काम किया है। देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को बैठाया।

### झारखंड प्रशासनिक सेवा के दो पदाधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के अधिकारियों के खिलाग गाज गिराया है। जामताड़ा स्थित नाला के तत्कालीन बीडीओ सह सीओ शिवाजी भगत को निलंबित कर दिया है। वहीं अजय कुमार तिर्की, तत्कालीन कार्यपालक दंडाधिकारी-सह- अवर निबंधक, नगर उंटारी, गढ़वा के विरूद्ध झारखंड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2016 के तहत विभागीय कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। इसे लेकर कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

## जस्टिस एमएस रामचंद्र राव ने चीफ जस्टिस पद की ली शपथ



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जस्टिस एमएस रामचंद्र राव ने बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस पद की शपथ ली। राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष गंगवार ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। राज्यपाल और सीएम हेमंत सोरेन ने मुख्य न्यायाधीश को शपथ ग्रहण के बाद बधाई दी। मौके पर विस अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, रास सांसद महुआ माजी, महाधिवक्ता राजीव रंजन, हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता, स्टेट बार काउंसिल के कई पदाधिकारी समेत भारतीय प्रशासनिक और पुलिस सेवा के वरीय अधिकारी मौजूद थे।






गोंदुलपारा खनन परियोजना में रैयतों को मिलेंगे करीब ₹25 लाख प्रति एकड़

# झारखंड में जल्द खुलेगी एक और कोयला खदान

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव/हजारीबाग।** जिले में गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत सेक्शन-19 लगाये जाने की प्रक्रिया पूरी हो गयी है, जो खनन शुरू होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कदम से झारखंड में एक और खदान खुलने का रास्ता साफ हो गया है। इसके तहत मुआवजे की राशि प्रति एकड़ 24,56,986 रुपये होगी। इसके अलावा स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस परियोजना से जिले और राज्य सरकार को लगभग 500 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष का राजस्व भी मिलेगा। परियोजना से प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए चंदौल गांव में 161.99 एकड़ जमीन का अधिग्रहण होना है। इसके लिए हजारीबाग समाहरणालय में रैयतों को मुआवजे के रूप में दी जाने वाली 478 करोड़ रुपये की राशि जमा कर दी गयी है।

### देश की ऊर्जा जरूरत में झारखंड की भूमिका अहम

**गोंदुलपारा परियोजना के तहत जमीन अधिग्रहण**

- बलोदर में 91.35 एकड़
- गोंदुलपारा 285.715 एकड़
- गाली में 175.45 एकड़

झारखंड में 199 कोयला खदानें सालाना 15.6 करोड़ टन कोयले का उत्पादन कर देश की ऊर्जा जरूरतों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। देश में निरंतर और किफायती बिजली की जरूरत के लिए कोयला खनन शुरू होना आवश्यक है। इसके साथ ही खनन आधारित अर्थतन्त्र वाले राज्य में एक और खनन परियोजना शुरू होने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

**मिलेंगे रोजगार के अवसर :** विस्थापित होने वाले परिवारों को रोजगार के भी अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे, जिसके तहत प्रभावित परिवार अपनी प्राथमिकता के अनुसार रोजगार, मुआवजा और प्रति महीने भुगतान में से एक को चुन सकते हैं। प्रभावित परिवारों और प्रशासन के साथ परामर्श कर नियमानुसार तय मुआवजे की रूपरेखा प्रभावित परिवार के एक सदस्य को समुचित प्रशिक्षण के बाद उनकी योग्यता एवं कंपनी की अनुसार नौकरी का प्रावधान है। इसके बदले प्रभावित परिवार एक मुश्त पांच लाख रुपये ले सकते हैं या फिर 20 वर्षों तक दो हजार रुपये प्रतिमाह का चयन कर सकते हैं।

### जमीन के बदले क्या मिलेगा ?

1. रैयतों को प्रति एकड़ भूमि के मुआवजा के रूप में 24,56,986 रुपए (गुणाक घटक-2, सांत्वना राशि 100 प्रतिशत एवं तीन वर्ष की ब्याज की राशि सहित) दिए जाएंगे।
2. भूमि पर परिसंपतियों का भी मुआवजा मिलगा। इसके लिए राज्य सरकार का संबंधित विभाग उन सम्पत्तियों का मूल्यांकन करेगा, जिसके बाद उस राशि का दुगुना मुआवजा के रूप में दिया जायेगा।

#### विस्थापित परिवारों को तीन विकल्पों का मिलेगा लाभ

- पहले विकल्प के तहत 10 लाख रुपये प्रति परिवार मिलेगा, जिससे वे खुद कहीं और निवास करने जा सकते हैं। नियमानुसार, प्रति परिवार में पति, पत्नी और उनके अवयस्क बच्चे शामिल होंगे। इसके अलावा परिवार में अगर 18 साल से ऊपर विवाहित या अविवाहित व्यक्ति हैं, तो उन्हें एक परिवार के रूप में माना जायेगा।
- दूसरे विकल्प के तहत पुनर्वास कॉलोनी में बना बनाया नया मकान दिया जायेगा।
- तीसरे विकल्प के तहत पुनर्वास कॉलोनी में जमीन का एक प्लॉट दिया जायेगा और पुनर्वास कॉलोनी में मकान के बदले सात लाख रुपए दिये जायेंगे।

#### जीवन-यापन समेत अन्य कार्यों के लिए भी मिलेंगे रुपये

- विस्थापित रैयत को एक वर्ष की अवधि तक जीवन यापन के लिए अनुदान के रूप में हर महीने तीन हजार रुपये मिलेंगे।
- विस्थापन के दौरान पुनर्वास भत्ते के रूप में 50 हजार रुपये, परिवहन खर्च के तहत ₹50 हजार और पशुबाड़ा के लिए भी अलग से 35 हजार रुपए प्रति परिवार दिया जायेगा।
- कारीगरों, छोटे व्यापारियों, छोटी दुकान या स्वनियोजित व्यक्ति के प्रत्येक प्रभावित परिवार को ₹25 हजार की एकमुश्त वित्तीय सहायता मिलेगी।
- प्रभावित परिवारों को आवंटित जमीन या मकान के निबंधन के लिए स्टांप शुल्क और अन्य शुल्क खननकर्ता की ओर से दिये जायेंगे।

## कंप्यूटर ऑपरेटर संघ वेतन विसंगति को लेकर मंत्री से मिला

**रांची।** झारखंड राज्य आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर संघ की राज्य स्तरीय कमेटी द्वारा वेतन विसंगति एवं अन्य मांगों को लेकर मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मिला। कर्मियों ने समान काम के बदले समान वेतन का हवाला देते हुए पूर्व की भांति वित्त विभाग द्वारा निर्धारित मासिक परिलब्धि ही आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर को भी भुगतान करने के लिये मंत्री से अनुरोध किया गया। मंत्री डॉ इरफान अंसारी द्वारा सभी आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर को आश्वस्त किया गया कि इस बिंदु पर मुख्यमंत्री से बात कर इस वेतन विसंगति को दूर करते हुए पुनः समान काम के बदले समान वेतन के तर्ज पर सभी को भुगतान किया जाएगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा**

**अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–टेन्डर रेफरेंस नं0–प0नि0वि0 / सिमडेगा / 07 / 2024–25
दिनांक–24.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | सिमडेगा–सेवई–किनकेल–कुरडेग–कुटुनाकच्छार छत्तीसगढ़ सीमा तक पथ के कि.मी. 2,3,4,5,6,51,52,53,54,55,62 एवं 63 में को छोड़कर कि.मी. 0.00 से 63.20 में साधारण मरम्मति कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपया में) | 155.00 लाख (एक करोड़ पचपन लाख) मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 माह |
| 4. | बेबसाईड पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 04.10.2024 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से। |
| 5. | ऑनलाईन निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 14.10.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक। |
| 6. | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 15.10.2024 को अपराह्न 12.30 बजे तक। |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा–835223 |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 82358–16924 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

नोट :– 1. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
2. विशेष जानकारी के लिये http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
3. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी जवाबदेही आपकी होगी।
5. पथ प्रमण्डल, सिमडेगा अंतर्गत वितीय वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 गैर–योगना मद अंतर्गत अपूर्ण कार्य करने वाले संवेदकों को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी"।

कार्यपालक अभियंता
PR 337041 (Simdega)24-25*D पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सिमडेगा


# राज्य की 46,031 सहियाओं को मिलेगी हर माह दो हजार रुपये प्रोत्साहन राशि

- **प्रोत्साहन राशि 108.34 करोड़ स्वीकृत, आदेश जारी**
- **46,031 सहिया, बीटीटी और एसटीटी को मिलेगा लाभ**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के राज्य के 46,031 सहियाओं को अब, हर महीने दो हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इसके लिए राज्य सरकार ने 108.34 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सहिया साथी, प्रखंड प्रशिक्षक दल (बीटीटी) और राज्य प्रशिक्षक दल (एसटीटी) को अब बढ़ी हुई प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इसके लिए राज्य सरकार ने 108.34 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इसका लाभ 46,031 सहिया, बीटीटी और एसटीटी को मिलेगा।



### सहिया पर खर्च होगा 103.11 करोड़

राज्य सरकार सहिया की प्रोत्साहन राशि पर 103.11 करोड़ रुपये खर्च करेगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत ग्रामीण इलाकों में सहिया की संख्या 39,964 है, जबकि शहरी इलाकों में इनकी संख्या 3,000 है। इन्हें प्रतिमाह दो हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।

### सहिया साथी पर खर्च होंगे 3.48 करोड़

सहिया साथी की प्रोत्साहन राशि पर राज्य सरकार 3.48 करोड़ रुपये खर्च करेगी। ग्रामीण क्षेत्र में सहिया साथी की संख्या 2295 है, जबकि शहरी इलाके में इनकी संख्या 125 है। इन्हें 50 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। इसी तरह बीटीटी को 80 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। राज्य में इनकी कुल संख्या 699 है। इनके प्रोत्साहन राशि पर राज्य सरकार 1.61 करोड़ रुपये खर्च करेगी। वहीं एसटीटी की प्रोत्साहन राशि पर 13.82 लाख रुपये खर्च किये जायेंगे। राज्य में इनकी संख्या 48 है। इन्हें 100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।

## झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस के दादा-पिता भी रह चुके हैं जज

- **हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस थे राव**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जस्टिस एमएस रामचंद्र राव इससे पहले हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस थे। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 11 जुलाई को उनके ट्रांसफर की सिफारिश की थी। जस्टिस राव का जन्म सात अगस्त 1966 को हैदराबाद में हुआ था। उन्होंने उस्मानिया विश्वविद्यालय से बीएससी गणित (ऑनर्स) की पढ़ाई की। इसके बाद वर्ष 1989 में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लॉ, उस्मानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद से एलएलबी पास किया। जस्टिस राव एलएलबी के अंतिम वर्ष में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित हुए। वर्ष 1991 में कैंब्रिज विश्वविद्यालय यूके से एलएलएम की डिग्री प्राप्त की। जस्टिस राव को 29 जून 2012 को आंध्र प्रदेश हाइकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। इसके बाद स्थायी न्यायाधीश बने। इन्होंने तेलंगाना हाइकोर्ट, पंजाब व हरियाणा हाइकोर्ट में भी अपनी सेवा दी है। पदोन्नति मिलने के बाद 30 मई 2023 को जस्टिस राव को हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया। जस्टिस राव के पिता जस्टिस एम जगन्नाथ राव भारत सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और भारत के विधि आयोग के पूर्व अध्यक्ष थे। जस्टिस राव के दादा भी आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे।

## विधायक ने पीसीसी पथ व नाली का किया शिलान्यास

**रांची।** बुधवार को डोरण्डा के फिरदौस नगर रोड नंबर 2 का पीसीसी पथ व नाली का शिलान्यास हटिया विधायक नवीन जयसवाल ने किया। इस अवसर पर नि. पार्षद जमीला खातून मुख्य रूप से उपस्थित थीं। मौके पर श्री जायसवाल का माला पहना कर स्वागत किया गया। सड़क व नाली के शिलान्यास होने से मुहल्ले वासियों में खुशी की लहर है। सड़क काफी जर्जर स्थिति मे है। इससे हमेशा दुर्घटना होती थी।

## सीजीएल परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले की सीबीआइ जांच को ले कर याचिका दायर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग की इस वर्ष जनवरी में हुई स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीजीएल) के पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी है। आर कुमार ने याचिका दायर कर अदालत से पेपर लीक मामले की सीबीआई या न्यायिक जांच कराने का आग्रह किया है। प्रार्थी की ओर से कहा गया कि 28 जनवरी 2024 को हुई परीक्षा के पेपर लीक के मामले में पुलिस और एसआईटी जांच अब तक सार्वजनिक नहीं की गयी है और न ही जांच में सभी तथ्य सामने आए हैं। 28 जनवरी को आयोजित परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। इसके बाद आयोग ने पहले थर्ड पेपर यानी सामान्य ज्ञान की परीक्षा रद्द कर दी थी। अभ्यर्थियों के हंगामे के बाद आयोग को तीनों पत्रों की परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी। एसएससी-सीजीएल की इस परीक्षा के जरिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में 2025 पदों पर नियुक्ति की जानी थी। इसके लिए साढ़े छह लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। रांची पुलिस की एसआईटी ने पेपर लीक के इस केस में झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो. शमीम और उनके दो बेटों को फरवरी महीने में ही गिरफ्तार किया था। इनके पास से कई अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड, कई नामों वाले ब्लैंक चेक और कुछ मोबाइल बरामद किए गए थे।

## मलेशिया में फंसे मजदूरों की वतन वापसी को लेकर आगे आये सांसद सीपी चौधरी

- **विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से जरूरी कदम उठाने का किया है आग्रह**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने मलेशिया में फंसे झारखंड के 60 मजदूरों को भारत वापस लाने के लिए विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया है। विदेश मंत्री को इस बात से अवगत कराया है कि झारखंड के 60 मजदूर मलेशिया में रोजगार करने गए हैं, लेकिन वहां मजदूरों को पिछले छह महीने से वेतन नहीं मिल रहा है। भोजन के भी लाले पड़े हैं। मजदूरों की स्थिति दयनीय हो गयी है।

**अनुबंध पर मजदूर गए थे**



**मलेशिया :** मजदूरों को लीड मास्टर इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन एसडीएन बीएचओ, कंपनी द्वारा अनुबंध पर काम करने के लिए मलेशिया ले जाया गया था। मजदूरों की स्थिति ऐसी हो गई है कि उनके पास ना तो हवाई यात्रा के पैसे हैं और ना ही भोजन-पानी के साधन। वहां फंसे मजदूर बोकारो, हजारीबाग, धनबाद व गिरिडीह जिला के रहने वाले हैं। मजदूरों के परिजन भारत वापसी को लेकर चिंतित हैं। परिजनों ने अपनी चिंता जाहिर की है। सीपी चौधरी ने विदेश मंत्री को फंसे हुए मजदूरों का पूरी जानकारी दी है। साथ ही विदेश मंत्री को मोबाइल व व्हाट्सएप नंबर भी सौंपा है। फंसे मजदूरों में उमेश महतो, चिंतामण महतो, योगेंद्र यादव, सुरेश बेसरा, परवेज आलम, अर्जुन तुरी, महेश महतो, विनोद कुमार, सोहन मरांडी, दिलीप कुमार तुरी, वीरेंद्र महतो, दर्शनाथ तुरी, कुलदीप महतो, प्रेम महतो, महावीर महतो, दिनेश्वर महतो, चुन्नीलाल महतो, कुलदीप महतो, चेतलाल महतो, नेपाली कुमार सिंह, नंदलाल महतो, ईश्वर महतो, राहुल भरतीया, कृष्ण देव महतो, चिंतामणि महतो व मुकेश महतो आदि शामिल हैं।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– 10/2024-25/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :– 24.09.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/HAZ/DMF T/01/2024-25 | बड़कागाँव | ग्राम पकरी बरवाडीह में दिनेश साव के घर से देवी मण्डप होते हुए हेठगढा सामुदायिक भवन तक पथ निर्माण कार्य (लं0–0.400 कि0मी0) पार्ट–बी | 68,02,100/- | अडसठ लाख दो हजार एक सौ | 9 (नौ) माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–28.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–04.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय–05.10.2024 अपराह्न 5.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546–265286।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
PR 336910 Rural Work Department(24-25).D ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग



**झारखण्ड सरकार**
**खान एवं भूतत्व विभाग, भूतत्व निदेशालय**
**अभियंत्रण छात्रावास–2, द्वितीय तल, धुर्वा, राँची**

**शुद्धि पत्र**

निविदा संख्या–01 / 2024–25 भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग ,झारखण्ड, राँची के द्वारा सम्पूर्ण राज्य में किये जाने वाले भूतात्विक अन्वेषण, भूतात्विक स्थल का निरीक्षण, सरकारी कार्य एवं अन्य क्षेत्रीय कार्य हेतु **04 अदद महिन्द्रा बोलेरो नियो** वाहनों के मासिक / दैनिक किराया पर चालक एवं ईंधन सहित परिचालन हेतु इच्छुक स्थानीय निबंधित ट्रैवल एजेंसियों के विषय से संबंधित प्रकाशित सूचना दिनांक 07.09.2024 को विभिन्न समाचार पत्रो में PR No-334828 के माध्यम से प्रकाशित हुई थी। उक्त निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि को दिनांक 07.10.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक विस्तार किया जाता है।

➤ शेष निविदा के नियम एवं शर्ते यथावत् रहेगें।

ह0 / –
निदेशक, भूतत्व
PR 337086 (Mines and Geology) 24-25 (D) झारखण्ड, राँची


## कदाचारमुक्त रही जेएसएससी सीजीएल परीक्षा क्वेश्चन में लगा था क्यूआर कोड : प्रशांत कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पर उठ रहे सवाल पर झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने अपनी बात रखी है। बुधवार को मीडिया से बातचीत में प्रशांत कुमार ने कहा कि पूरी परीक्षा कदाचार मुक्त हुई है। पहली बार परीक्षा में क्वेश्चन पेपर की डिजिटल कोडिंग की हुई है। हर क्वेश्चन पेपर के उपरी हिस्से में क्यूआर कोड लगाया गया था। किसी तरह का कदाचार न हो, इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षा केंद्रों में 9217 जैमर और 15236 सीसीटीवी कैमरा लगाए गए थे। बताते चलें कि परीक्षा 21 और 22 सितंबर को ली गई थी।



### 26 को जारी होगा सवालों का जवाब

प्रशांत कुमार ने बताया कि क्वेश्चन पेपर का जवाब 26 सितंबर को जारी कर दिया जाएगा। आयोग के ऑफिस में ही गुरुवार से सीसीटीवी की निगरानी में ओएमआर सीट की स्कैनिंग शुरू कर दी जाएगी। आयोग जल्द से जल्द परिणाम घोषित करेगा। बताते चलें कि इस परीक्षा में छह लाख 39 हजार 900 अभ्यर्थियों के आवेदन वैध पाए गए थे, जिसमें तीन लाख चार हजार 769 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।**
**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/12/2024-25
1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा जिला के प्रखण्ड टण्डवा, पंचायत टण्डवा बाजार टाँड़ में (बड़की नदी) गेरूवा नदी पर पुल निर्माण। | 6,45,87,900.00 | 12,92,000.00 | 10,000.00 | 24 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –27.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–27.09.2024 से दिनांक–04.10.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 07.10.2024 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
PR 337039 Rural Development(24-25)D चतरा।



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला**
**(सामान्य शाखा)**

**शुद्धि पत्र**

माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची के द्वारा याचिका W.P.(S) No- 4362 / 2022 भगवान महतो –बनाम–झारखण्ड राज्य एवं अन्य में दिनांक–17.07.2023 को पारित आदेश तथा गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड राँची के अधिसूचना संख्या–2032 दिनांक–07.04.2015, अधिसूचना संख्या–4998, दिनांक–19.09.2019 एवं अ०स०प० संख्या–17 / कोर्ट केस–10 / 2019 536, दिनांक–29.01.2020 के आलोक में दिनांक–23.07.2018 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में विज्ञापन संख्या–01 / 2023 चौकीदार संवर्ग नियुक्ति परीक्षा हेतु गुमला जिले में ग्रामीण चौकीदार के कुल–226 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। चौकीदार नियुक्ति लिखित परीक्षा दिनांक–18.08.2024 को निर्धारित था। लिखित परीक्षा के उपरान्त दिनांक–12.09.2024 को औपबंधिक सूची PR 335658 District(24-25)#D द्वारा अखबार में प्रकाशित की गई थी, एवं शारीरिक परीक्षा हेतु दौड़ की तिथि दिनांक–27.09.2024 से 30.09.2024 तक निर्धारित था। लेकिन W.P.(S) No-5038 /2024 SANU MAHTO & Anr. एवं झारखण्ड राज्य सरकार के मामले में माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड के निर्णय के आलोक में शारिरिक परीक्षा की तिथि को अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है, एवं माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड के निर्देशों के उपरान्त पुनः तिथि की घोषणा स्थानीय अखबार के माध्यम से सूचित किया जायेगा।

प्रभारी पदाधिकारी,
PR 337029 District (24-25)_D जिला सामान्य शाखा, गुमला


## झारखंड के सामाजिक आर्थिक पहलुओं को ध्यान में रखकर बनायें घोषणा पत्र : केशव महतो कमलेश




- **झारखंड प्रदेश कांग्रेस मेनिफेस्टो कमेटी की बैठक में कमेटी के लिए सलाहकार समिति गठित**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस मेनिफेस्टो कमेटी की बैठक बुधवार को कमेटी के अध्यक्ष बंधु तिर्की की अध्यक्षता में हुई। इसके पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उपस्थित सदस्यों को घोषणा पत्र के संबंध में विभिन्न विषयों पर विशेष रूप से निर्देश देते हुए झारखंड के सामाजिक आर्थिक पहलुओं को ध्यान में रखकर तथा विस्तृत अध्ययन के पश्चात ही घोषणा पत्र को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया। मौके पर मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड के सभी जिला और प्रखंडों में घूम कर वहां के लोगों से मिलकर उनकी राय जानकर ही घोषणा पत्र तैयार किया जाएगा। कांग्रेस का घोषणा पत्र हमेशा से आम जनता का घोषणा पत्र रहा है। घोषणा पत्र जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार किया जाएगा और सरकार बनते ही पूरी तरह से लागू किया जाएगा। हमारे नेता राहुल गांधी की भी यही सोच है कि जो भी चीजें घोषणा पत्र में शामिल करें, उस पर खूब मंथन करें, ताकि सरकार में आकर उसे बखूबी लागू कर सकें। मेनिफेस्टो कमेटी युवा, महिला, किसान, मजदूर, आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग, समानवर्ग के बीच जाकर उनसे संवाद करेगी, उनसे राय लेगी, उनकी राय का अध्ययन कर फिर हम लोग घोषणा पत्र में शामिल करेंगे।

### सर्वसम्मति से बनी ड्राफ्टिंग कमेटी

बंधु तिर्की ने कहा कि मेनिफेस्टो कमेटी के सफल संचालन के लिए उप समितियों के गठन का निर्णय लिया गया है, ताकि सभी वर्ग में जाकर सुझाव लेने में आसानी हो सके। बैठक में सर्वसम्मति से ड्राफ्टिंग कमेटी बनाई गई, जिसमें कमेटी के सलाहकार अनादि ब्रह्म होंगे और अशोक चौधरी, लाल किशोर नाथ शाहदेव, ड्राफ्टिंग कमेटी में होंगे। कांग्रेस घोषणापत्र परामर्श कमेटी के लिए अजय नाथ शाहदेव, डॉ एम तौसीफ, सतीश पॉल मुंजनी को रखा गया है। सभी सदस्यों ने घोषणा पत्र बेहतर तैयार करने के लिए अपना सुझाव दिया। सभी सदस्यों की राय थी कि जो घोषणा पत्र तैयार किया जाए। वह जनता का घोषणा पत्र हो और जनता से ली गई राय इसमें शामिल की जाये। जिस तरह से भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री सहित अन्य नेता यहां आकर घुसपैठियों के नाम पर राज्य के माहौल को बिगाड़ कर ध्रुवीकरण की कोशिश कर रहे हैं, उससे जनता के बीच में काफी रोष है। बैठक में मुख्य रूप से शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, मंत्री बन्ना गुप्ता, अनादि ब्रह्म, प्रदीप यादव, देवेंद्र नाथ चांपिया, अशोक चौधरी, डॉ एम तौसीफ, बद्री राम, अजय नाथ शाहदेव, सतीश पॉल मुंजिनी, चंचल चटर्जी, जगदीश साहू, रवींद्र झा, लाल किशोर नाथ शाहदेव आदि शामिल थे।


**कार्यपालक अभियंता कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना / 2024–25**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र विक्री की तिथि : दिनांक 30.09.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 01.10.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 01.10.2024 को 3:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान : (i) मुख्य अभियन्ता(या0) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण, छात्रावास नं0–2 धुर्वा, राँची, झारखण्ड।
: (ii) अधीक्षण अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची।
: (iii) कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान : क्रमांक 5(पाँच) में उल्लेखित कार्यालयों में निर्धारित स्थानों पर।
7. कार्यों की विवरणी :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | घाघरा–नेतरहाट पथ के घाटी क्षेत्र में कि0 मी0 38 से 47.00 तक में सड़क सुरक्षा एवं क्रैश बैरियर अधिष्ठापन कार्य। | 15.00 | 30000.00 | 5000.00 | 2 Months |
| 2 | कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल गुमला के कार्यालय भवन का साधारण मरम्मति एवं साज–सज्जा कार्य। (फर्निशिंग कार्य सहित) | 20.00 | 40000.00 | 5000.00 | 3 Months |
| 3 | कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल गुमला के कार्यालय परिसर में शेड एवं चहारदिवारी का मरम्मति कार्य। | 10.00 | 20000.00 | 1250.00 | 3 Months |

नोट– (1) निविदा आमंत्रण की सूचना एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है, जिसका अनुपालन अनिर्वाय है।
(2) प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के समय देखा जा सकता है।
(3) परिमाण विपत्र का मूल्य **भारतीय स्टेट बैंक** द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट के रूप में ही स्वीकार्य होगा, जो निविदा आमंत्रण तिथि के बाद जारी की गई हो तथा किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जाएगा एवं बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल गुमला के पदनाम से हो।
(4) पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए युकेन निबंधन आवश्यक है।
(5) PWD कोड में संशोधन के फलस्वरूप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।
(6) वित्तीय वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 गैर योजना मद अंतर्गत अपूर्ण कार्य करने वाले संवेदक को निविदा प्रकिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

ह0 / –
कार्यपालक अभियन्ता
PR 336900 Road (24-25)_D प0नि0वि0 पथ प्रमण्डल, गुमला



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा**
06534-2227076 Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

Tender Reference No. : RCD/KODERMA/1007/2024 दिनांक:-24.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, कोडरमा अन्तर्गत बागीटांड़– लोकाई पथ का साधारण मम्मति कार्य' वित्तीय वर्ष 2023–24 |
| 2. | प्राक्कलित राशि | Rs. 75,00,000.00 (पचहत्तर लाख रूपये) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि | Rs. 1,50,000.00 (एक लाख पचास हजार रूपये) मात्र। |
| 4. | परिमाण विपत्र की राशि | 10,000.00(दस हजार रूपये) मात्र। |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 (दो) माह। |
| 6. | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि। | 27.09.2024, 10:30 बजे से। |
| 7. | निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि | 04.10.2024, 12.00 बजे तक। |
| 8. | निविदा खुलने की तिथि | 07.10.2024, 12.30 बजे तक। |
| 9. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,प०नि०वि०, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |
| 10. | हेल्प लाइन नं0 | 0651-2446002 |

पथ निर्माण विभाग,झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिये UCAN निबंधन आवश्यक है।
प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है।
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता
PR 336941 Road(24-25)#D प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

सुप्रभात
गुरुवार 26.09.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 159
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

### बोलेरो के टक्कर से साइकिल सवार घायल

**जामताड़ा ।** नारायणपुर करमदाहा मुख्य मार्ग के बावनबीघा के समीप एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बुधवार को दोपहर लगभग एक बजे साइकिल सवार व्यक्ति को धक्का मार दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद बोलेरो भाग निकला।स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस के जरिये घायल व्यक्ति को सीएचसी नारायणपुर पहुंचाया। गया। घायल व्यक्ति की पहचान नारायणपुर थाना क्षेत्र के लोधरिया गांव वासी श्रवण हेंब्रम के रूप में हुई है। वह साइकिल से नारायणपुर बाजार आ रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार बोलेरो ने उसे धक्का मार दिया। सीएचसी नारायणपुर में प्राथमिक उपचार के बाद उसे धनबाद रेफर कर दिया गया।

### भोजपुरी गायक भरत शर्मा का बयान अदालत में दर्ज

**धनबाद।** फर्जी कागजात के सहारे आयकर विभाग से 7 लाख 82 हजार 529 रुपये का रिटर्न प्राप्त कर लेने के चर्चित मामले की सुनवाई सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अभिषेक पांडे की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान कांड के नामजद आरोपी चर्चित भोजपुरी गायक भरत शर्मा व्यास, अदालत में मौजूद थे। कोर्ट को दिए बयान में उन्होंने खुद को निर्दोष बताया। अदालत ने सीबीआई को बहस करने का आदेश दिया है। बताते हैं कि सीबीआई ने वर्ष 2004 में उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी।

### गोविंदपुर एरिया में एसओपी को लेकर कार्यशाला



**कतरास।** त्रैमासिक निवारक सतर्कता जागरुकता कार्यक्रम के तहत बुधवार को बीसीसीएल के गोविंदपुर क्षेत्र में वित्त विभाग द्वारा वीटीसी प्रशिक्षण केंद्र में एसओपी संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत कोल इंडिया के कॉरपोरेट सोंग एंथम से हुई। मौके पर गोविंदपुर क्षेत्र के वित्त प्रबंधक चंद्रेश चौधरी ने उपस्थित कर्मियों व अधिकारियों को शपथ दिलाई। कार्यशाला में वित्त नियमावली के अनुसार कार्मिक देय के भुगतान की मानक संचालक प्रकिया की जानकारी दी गई। कार्यशाला का संचालन अभिषेक गुप्ता उप प्रबंधक (वित्त) गोविंदपुर क्षेत्र ने किया। इस अवसर पर के एस द्विवेदी, प्रबंधक (खनन), चंद्रेश चौधरी उप प्रबंधक (वित्त), अंकित श्रीवास्तव क्षेत्रीय प्रबंधक ( प्रशासन) के अलावा क्षेत्र के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### बैडमिंटन एसो ने बीएसपी राय को दी श्रद्धांजलि

**धनबाद।** झारखंड बैडमिंटन एसोसिएशन में पूर्व सीनियर एक्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट तथा धनबाद बैडमिंटन एसोसिएशन में पैटर्न इन चीफ बीएसपी राय की आत्मा की शांति के लिए कला भवन इंडोर स्टेडियम, धनबाद के परिसर में संघ के सदस्यों और पदाधिकारियों ने एक मिनट का मौन रख कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। बता दें कि बीएसपी रॉय बिहार के वाणिज्यिक कर संयुक्त आयुक्त सेवा निवृत्त हुए थे तथा प्रतिष्ठित अधिवक्ता सलाहकार थे। मौके पर सम्राट चौधरी, दीपांकर बनर्जी, राकेश तिवारी, सतीश कुमार, रियाज खान मौजूद थे।

# भारतीय राजनीति के पुरोधा थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय

## भाजपाइयों ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



खबर मन्त्र संवाददाता

**जामताड़ा।** भारतीय जनता पार्टी नारायणपुर मंडल इकाई द्वारा बुधवार को नारायणपुर मंडल के सबनपुर, कमलडीह, चंद्रपुर ग्राम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। पंडित जी की फोटो पर माल्यार्पण कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर नारायणपुर मंडल के कई बूथों में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। नारायणपुर मंडल प्रभारी सुजाता सिंह भैया, विधानसभा प्रभारी शुभाशीष भट्टाचार्य, नारायणपुर मंडल अध्यक्ष दीपक कुमार सिन्हा, भाजपा सोशल मीडिया संयोजक आनंद पोद्दार,संजय ओझा आदि ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय राजनीति के पुरोधा, बहुमुखी वयक्तित्व के धनी थे। उन्होंने एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचारों के साथ प्रगतिशील विचारधारा देने का काम किया। मंडल प्रभारी सुजाता सिंह भैया एवं विधानसभा प्रभारी शुभाशीष भट्टाचार्य,आनंद पोद्दार ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्यायॅ के विचारों पर अमल करने की आवश्यकता है। पंडित जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक से लेकर भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष तक विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए एकात्म मानववाद का संदेश जन जन तक पंहुचाते रहे। इस अवसर पर संजय ओझा, कालीचरण दास, पुरुषोत्तम पंडित, रमेश दुबे, पंकज तिवारी,बरूण रवानी, भागीरथ पंडित, सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा महिला मोर्चा ने मनाई दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**धनबाद।** भाजपा महिला मोर्चा झारखंड की प्रदेश मंत्री रमा सिन्हा के आवासीय कार्यालय धनबाद में एकात्म मानववाद दर्शन एवं अंत्योदय के प्रणेता भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य और कुशल संगठनकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर विहिप धनबाद ग्रामीण के जिला सम्पर्क प्रमुख महेश मिश्रा, भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता जगरनाथ गोराई, पिंटू पटनायक, स्वपन महतो, भुवन महतो आदि मौजूद थे।

## धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सभा आज

### परिवर्तन संकल्प यात्रा के अंतिम चरण में कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी की धनबाद प्रमंडल की परिवर्तन संकल्प यात्रा के अंतिम चरण में 26 सितंबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह धनबाद के गोल्फ ग्राउंड की सभा में मौजूद रहेंगे। सभा की तैयारी अंतिम चरण में है। गोल्फ ग्राउंड में पंडाल और स्टेज बनाए जा रहे हैं। तैयारी का निरीक्षण करने पूर्व सांसद पी एन सिंह, विधायक राज सिन्हा सहित कई भाजपा नेता पहुंचे। प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था चुस्त की जा रही है। हवाई अड्डा से गोल्फ ग्राउंड तक ट्रैफिक में बदलाव भी किया गया है। ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार की सभा को लेकर बाहर से आनेवाली बसों की शहर में नो इंट्री रहेगी। हवाई अड्डा से गोल्फ ग्राउंड तक अन्य वाहनों की भी नो इंट्री रहेगी। जुलूस में पुलिस तत्पर रहेगी। बारिश के मौसम को ध्यान में रख कर वाटर प्रूफ पंडाल बनाया जा रहा है। सभा में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई बड़े नेता भी आयेंगे।

## विधानसभा चुनाव की रायशुमारी के लिए कांग्रेस पर्यवेक्षक पहुंचे धनबाद




खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** कांग्रेस कार्यालय हाउसिंग कॉलोनी में जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्येक प्रखंड और नगर कांग्रेस से पांच संभावित उम्मीदवार की सुची पर चर्चा की गई। बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह धनबाद पर्यवेक्षक मुनंन संजय मौजूद थे। उन्होंने कहा कि धनबाद में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने एक स्वर से कहा है कि हाईकमान जिसे भी टिकट देगा, सभी मिलकर जीत सुनिश्चित करेंगे। धनबाद जिला में जो भी उम्मीदवार होगा कार्यकर्ताओं की भावनाओं के अनुरूप होगा। धनबाद कांग्रेस के नेताओं की आवाज हाईकमान तक पहुंचाने का काम करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक मुनन संजय ने कहा कि झारखंड में इंडिया महागठबंधन विधानसभा चुनाव 2024 में मजबूती से उतरेगा। सभी कांग्रेस जन एकजुटता के साथ पार्टी कार्य में जुट जाएं। रायशुमारी में राशिद रजा अंसारी,ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, सुल्तान अहमद, विजय सिंह. मदन महतो, विजय सिंह, रवि चौधरी. रविंद्र वर्मा, शमशेर आलम, मनोज यादव, अशोक सिंह, रविरंजन सिंह, अभिजीत राज, कुमार गौरव, जावेद रजा आदि मौजूद थे।

## निरसा में मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, 2 लाख की शराब जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त एवं सहायक उत्पाद आयुक्त के निर्देश पर उत्पाद विभाग की टीम ने बुधवार को निरसा पुलिस के सहयोग से हिक्की मडाल में दबिश देकर अवैध विदेशी शराब तैयार करने की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। छापामारी श्रीनाथ हेम्ब्रम के घर पर की गई। छापामारी में भारी मात्रा में मिलावटी शराब जब्त की गई। टीम के पहुंचते ही वहां भगदड़ मच गई। मौके से सभी भाग निकले। मुख्य संचालक विकास साहनी संकरी गलियों और भारी बारिश का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। टीम ने भारी मात्रा में मिलावटी अंग्रेजी शराब, स्प्रिट, केमिकल, स्टीकर, कार्क, लेबल, रैपर और बोतल बरामद की। उत्पाद विभाग के अमित गुप्ता ने बताया कि बरामद शराब का बाजार मूल्य करीब दो लाख रुपये है।



एक नजर में

### मुंबई के बॉडी बिल्डिंग कांटेस्ट में मेघनाथ को मिला प्रथम स्थान

वसीम अकरम पांचवें स्थान पर, दोनों ने झारखंड का मान बढ़ाया



**कतरास।** मुंबई में 20 से 22 सितंबर तक आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में धनबाद के मेघनाथ महतो ने प्रथम स्थान तथा वसीम अकरम ने पांचवां स्थान लाकर झारखंड का नाम बढ़ाया है। दोनों ने शांति संघ क्लब के एशियाई गोल्ड मेडलिस्ट मिस्टर देवी प्रसाद चटर्जी की देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त किया था। 25 सितंबर बुधवार को धनबाद वापसी पर शांति संघ क्लब एवं झीझीपहाडी के लोगों ने उन दोनों खिलाड़ियों का गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में समीर चक्रवर्ती, साधन महतो, तपन महतो, सुधीर सोनार,समीर महतो, रामनाथ महतो, नेपाल महतो, संजीत पटवा,सोमनाथ चक्रवर्ती, चंदन नंदन, संतोष कुमार, अशोक कुमार, पियूष कुमार, अभिजीत कुमार,सुजल कुमार आदि शामिल हैं।

### तेतुलमारी से गायब बीआईटी का छात्र पुरुलिया से बरामद



**कतरास।** तेतुलमारी थाना के नगरीकला से दो दिन पूर्व गायब बीआईटी का छात्र विवेक कुमार महतो को पुलिस ने पुरुलिया से बरामद कर लिया है। वह पुलिस को मंगलवार की देर रात पश्चिम बंगाल के पुरुलिया रेलवे स्टेशन पर अचेत अवस्था में मिला। परिजन उसे अपने साथ घर ले गए। छात्र ने बताया कि वह मोबाइल लेकर तेतुलमारी रेलवे स्टेशन गया था। उसके बाद का उसे कुछ याद नहीं है। वह कुछ बोलने की स्थिति में भी नहीं है। आज बुधवार को परिजन पुलिस के सहयोग से उसे एसएनएमएमसीएच धनबाद ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### रांगामाटी के दो बंद घरों में हुई चोरी, गृह स्वामी हैं शहर से बाहर



**सिंदरी।** रांगामाटी स्थित सुरेंद्र शाह के बंद आवास संख्या आरएमफोर 427 में मंगलवार की रात घर के मुख्य प्रवेश द्वार का ताला तोड़कर चोरों ने घर में रखे सामान पर हाथ साफ कर दिया। गृह स्वामी सुरेंद्र शाह अपने पैतृक गांव सीतामढ़ी गए हुए हैं। पडोसियों ने घर में चोरी की सूचना मोबाइल पर दे दी है। उनके वापस आने पर ही विस्तृत जानकारी मिल सकेगी। मंगलवार की रात ही चोरों ने सतीश सिंह के बंद आवास आर एम फोर 869-70 में भी चोरी की। चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर और आलमीरा में रखे सामान तितर बितर कर दिये और कीमती चीज ले गए। सतीश सिंह इलाज के लिए उत्तर प्रदेश के गोरखपुर गए हैं। पडोसियों ने चोरी की सूचना मोबाइल पर उन्हें दे दी है। पडोसियों ने बताया कि बलियापुर थाने को चोरी की दोनों वारदात की सूचना दी गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि रांगामाटी क्षेत्र के बंद घरों में लगातार चोरी हो रही है। आम लोगों का आरोप है कि इस क्षेत्र में चोरों के सहयोगी लगातार रेकी कर रहे हैं और बंद घरों की जानकारी मिलते ही चोरी कर रहे हैं। पुलिस चोरों का सुराग लगा पाने में विफल रही है।

## जामाडोबा प्लांट में पाइपलाइन मरम्मत कार्य का निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने जामाडोबा प्लांट में पाइपलाइन के मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से जिन इलाकों में जलापूर्ति बाधित है, वहां निजी प्रयासों और नगर निगम द्वारा पानी टैंकर भिजवाने की स्थिति का मुआयना किया। विधायक ने तकनीकी विशेषज्ञों और माडा के एसडीओ व जेई को चौबीस घंटे के भीतर जलापूर्ति चालू कराने का निर्देश दिया। कहा कि कुछ लोग अपनी राजनीति चमकाने के लिए कभी पाइप में लकड़ी और बोरी भरकर तो कभी प्लांट के पास सेफ्टी वल्ब को बंद कर बार-बार जलापूर्ति बाधित कर रहे हैं। इसकी लगातार निगरानी हो रही है। मरम्मत कार्य, पाइप लगाने और ढलाई का काम पूरा कर लिया गया है और चौबीस घंटे के भीतर पहले की तरह निर्बाध जलापूर्ति शुरू हो जाएगी। मौके पर लोगों से मुलाकात कर जल्द से जल्द जलापूर्ति बहाल होने का आश्वासन दिया और निजी मद से टैंकर भिजवाने में तेजी लाने की बात कही।

## मजदूरों का बकाया वेतन का भुगतान 28 सितंबर से करने पर बनी सहमति

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र के चापापुर कोलियरी कार्यालय में अभिकर्ता की अध्यक्षता में मजदूरों एवं आउटसोर्सिंग कंपनी टायकून इंडस्ट्रीज एंड कंपनी के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में आउटसोर्सिंग कंपनी प्रबंधन द्वारा 28 सितंबर से मजदूरों के बकाया वेतन का भुगतान शुरू करने एवं 30 सितंबर को दुर्गापूजा के बोनस को लेकर बैठक के आश्वासन के बाद मजदूर शांत हुए। मजदूरों ने कहा कि यदि 28 सितंबर से बकाया वेतन का भुगतान शुरू नहीं होता है तो कोलियरी की ट्रांसपोर्टिंग अनिश्चितकाल के लिए बंद करने को बाध्य होंगे। ज्ञात हो कि चापापुर 10 नंबर आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा 2 माह से मजदूरों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। 10 सितंबर से नो वर्क नो पे का नोटिस दे दिया गया है। इससे आक्रोशित आउटसोर्सिंग के मजदूरों ने मंगलवार को 3 घंटे तक कोलियरी की कोयला ट्रांसपोर्टिंग ठप कर दी थी। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीसीकेयू के केंद्रीय सचिव आगम राम ने बताया कि बुधवार को ईसीएल प्रबंधन, आउटसोर्सिंग प्रबंधन एवं मजदूरों के बीच कोलियरी कार्यालय में सकारात्मक वार्ता हुई। वार्ता में आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि 28 सितंबर से मजदूरों के दो माह के बकाया वेतन का भुगतान शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही 30 सितंबर को बोनस के सवाल पर मजदूरों के साथ बैठक कर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। हम लोगों की मंशा कोलियरी के हितों को नुकसान पहुंचाना नहीं है। इसलिए मजदूर मान गए हैं। यदि 28 सितंबर से बकाया वेतन का भुगतान नहीं शुरू होता है तो मजदूर पुनः आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



## सिपाही विद्रोह से पहले हुई थी तोपचांची दुर्गा मंदिर की स्थापना



खबर मन्त्र संवाददाता

**तोपचांची।** धनबाद जिले से लगभग 30 किलोमीटर दूर तोपचांची दुर्गा मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। मंदिर की स्थापना 1857 के सिपाही विद्रोह से पहले हुई थी। उस वक्त मंदिर में रामधन पाल ने दुर्गा मां की प्रतिमा स्थापित की थी। बाद में कतरास के राजा पूर्णेन्दु नारायण सिंह व रामधन पाल के संयुक्त प्रयास से दुर्गा मंदिर व काली मंदिर का निर्माण कराया गया। राजतंत्र समाप्त होने के बाद तोपचांची दुर्गा मंदिर को रामधन पाल के वंशजों ने सोलह आना (सार्वजनिक) को सौंप दिया। तोपचांची दुर्गा मंदिर को सार्वजनिक दुर्गा मंदिर के नाम से जाना जाता है। मंदिर में प्रत्येक साल मां की प्रतिमा स्थापित कर बड़े धूमधाम से पूजा की जाती है।

### 1995 में भव्य मंदिर बन कर हुआ तैयार

ग्रामीणों ने मंदिर का जीर्णोद्धार सन 1990 में शुरू किया था, जो 1995 में पूरा हो गया। सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में अष्टमी और नवमी को धनबाद, बोकारो, गिरिडीह तथा अन्य जिलों से श्रद्धालु भतुआ व बकरा बलि देने आते हैं। मंदिर में बांग्ला रीति-रिवाज से पुजा अर्चना की जाती है।

### दोबारा हुआ जीर्णोद्धार

2023 में मंदिर का पुनः जीर्णोद्धार करने का फैसला लिया गया। 2024 में 101 फीट का भव्य मंदिर बन कर तैयार हो गया। नेशनल हाईवे पर स्थित यह दुर्गा मंदिर सबसे ऊंचे मंदिरों में से एक है। इस वर्ष भी मंदिर में भव्य दुर्गा पूजा की तैयारी चल रही है। मां की प्रतिमा स्थापित कर भव्य तरीके से पर्व मनाया जाएगा ।

स्पीड न्यूज

## साहित्यकार अमिताभ की पुण्यतिथि मानी



गोविंदपुर । साहित्यकार, कवि एवं आलोचक पंजाब नेशनल बैंक के कर्मी अमिताभ चक्रवर्ती की 24वीं पुण्यतिथि बुधवार को उनके गोविंदपुर विलेज रोड स्थित आवास में मनाई गई । इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। वक्ताओं ने कहा कि अमिताभ चक्रवर्ती ने एक साहित्यिक माहौल पैदा किया था। पुस्तक मेला आयोजन में भी उनकी भूमिका थी। नए साहित्यकारों को प्रोत्साहित करते थे श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में शिक्षक नेता श्यामानंद लाल त्यागी, पूर्व मुखिया श्यामल चक्रवर्ती, रविंद्रनाथ चक्रवर्ती, विभा चक्रवर्ती, कल्याण चक्रवर्ती, संध्या, रजत, डॉ चंदन , विमल शर्मा आदि शामिल थे।

## भाई ने भाई को टांगी मार जख्मी किया

**तोपचांची।** बुधवार रात को तोपचांची थाना क्षेत्र के तांतरी पंचायत के सोनार टोला गांव में भाई ने भाई के ऊपर टांगी चलाने का मामला सामने आया। सोनार टोला निवासी काजू शर्मा ने अनिल कुमार शर्मा को टांगी से मारकर लहुलुहान कर दिया। अनिल कुमार शर्मा को सर पर गंभीर चोट आई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद को लेकर काजू शर्मा ने अनिल शर्मा के माथे पर टांगी से वार किया है। आनन-फानन में अनिल कुमार शर्मा के परिजनों ने अनिल शर्मा को लेकर तोपचांची थाना पहुंचे जहां तोपचांची पुलिस ने अनिल कुमार शर्मा को इलाज के लिए साहोबहियार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डाक्टरों ने अनिल शर्मा को इलाज कर बेहतर इलाज के लिए धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया है। अनिल शर्मा के माथे पर गहरी चोट लगी है। स्थित चिंताजनक बनी हुई है। इधर घटना के बाद तोपचांची पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है।

## संतान की दीर्घायु के लिए माताओन ने किया जितिया

इटकी। संतान की दीघार्यु की कामना को लेकर क्षेत्र की महिलाओं ने बुधवार को जितिया व्रत किया। व्रत के लिए महिलाओं ने निर्जला उपवास रखा व शाम में मिट्टी से जिउतुवाहन, भगवान शंकर व माता पार्वती सहित अन्य प्रतिमाएं बनाकर पूजा अर्चना की। कई स्थानों पर जौ का जावा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गयी। जावा व प्रतिमा का जलाशयों में विसर्जन के बाद कल गुरुवार को प्रातः में व्रतधारियों द्वारा उपवास तोड़ा जायेगा।

## रातू : भाजपा की परिवर्तन यात्रा 28 को, हो रही तैयारी

**रातू।** भाजपा पूर्वी मंडल की बैठक गोविंदनगर स्थित शिव मंदिर परिसर में हुयी। परमेश्वर गोप की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर 28 सितंबर को होने वाली परिवर्तन यात्रा और इसके अगले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा की गयी। सदस्यों की ओर से विधान सभा चुनाव को लेकर बूथ को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। इससे पूर्व पंडित दीनदयाल बड़े ही श्रद्धा के साथ याद किये गये। उनकी चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। संचालन पंचम महतो ने किया। ज्ञात हो कि भाजपा परिवर्तन यात्रा को लेकर अभी से ही तैयारी जोरों पर है। भाजपा के नेता इस दिन लोगों को संबोधित करेंगे और अपने किये गये कार्यो को जनता को बतायेंगे। इस यात्रा को लेकर क्षेत्र लोगों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है।

# धनबाद में झारखंड स्किल कांक्लेव की तैयारी को लेकर सचिव ने की चर्चा

**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सचिव धनबाद पहुंचे**



खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड स्किल कांक्लेव 2024 की तैयारियों को लेकर श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सचिव मुकेश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार सर्किट हाउस में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। कार्यक्रम का आयोजन 30 सितंबर 2024 को बलियापुर हवाई पट्टी में प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसका शुभारंभ करेंगे। बैठक के दौरान सचिव ने मुख्यमंत्री के स्वागत, हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक पहुंच पथ, स्टेज पर मुख्यमंत्री एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के स्वागत, दीप प्रज्वलन, एंकरिंग, टेंट निर्माण, साउंड सिस्टम, बैरिकेडिंग, पार्किंग, डी एरिया, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा, पेयजल, मोबाइल टोइलेट, साफ सफाई सहित अन्य तैयारियों में बारीकी से ध्यान देकर कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड स्किल कांक्लेव 2024 में प्रतिनियुक्ति सभी पदाधिकारी गंभीरता से अपने कर्तव्य का पालन करें। कार्यक्रम स्थल पर लगभग 50 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही लाभुकों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया जाएगा। वहीं विभिन्न कंपनियों के साथ एमओयू भी किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के पदाधिकारी 28 सितंबर से धनबाद में कैंप करेंगे।

### बैठक में ये लोग थे शामिल

बैठक में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड, रांची के सचिव श्री मुकेश कुमार, उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के प्रबंधक, प्रबंधक प्रोग्राम एंड ऑपरेशन श्री विश्वरूप ठाकुर, प्रबंधक प्लेसमेंट एंड इंडस्ट्रियल लिंकेज श्री विनय कुमार, श्री राजीव खरे प्रबंधक यूएनडीपी, धनबाद, जामताड़ा बोकारो व अन्य जिलों के जिला कौशल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री दिवाकर सी द्विवेदी, श्रम अधिक्षक श्री प्रवीण कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी श्री आनंद कुमार, एनडीसी श्री दीपक कुमार दुबे, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल श्री चंदन कुमार के अलावा अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री राहत कोष में नहीं, सीधे बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचाए डीवीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** डीवीसी प्रबंधन द्वारा पश्चिम बंगाल में बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ मुख्यमंत्री राहत कोष में एक दिन का वेतन देने के निर्णय का विरोध डीवीसी के श्रमिक संगठनों ने शुरू कर दिया है। बुधवार को श्रमिक यूनियन के महामंत्री अभिजीत राय ने डीवीसी प्रबंधन से मांग की कि मुख्यमंत्री राहत कोष में पैसा देने की बजाय डायरेक्ट बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री राहत कोष में पैसा जाने के बाद पता भी नहीं चलेगा कि पैसा कहां खर्च हुआ। इसलिए प्रबंधन को सीधे बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री पहुंचाना चाहिए। श्री राय ने कहा कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जिस तरीके से डीवीसी का विरोध करने में लगी हुई हैं, ऐसी स्थिति में पूछना चाहिए कि उन्हें राहत कोष में पैसा लेने में कोई आपत्ति या विरोध तो नहीं है। उन्होंने डीवीसी प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों से सुझाव या अनुमति मांगे जाने का जो समय निर्धारित किया गया है, उसे एक सप्ताह बढ़ाने की मांग की है। श्री राय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि डीवीसी मैथन एवं पंचेत डैम से पानी छोड़ने के कारण पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है, जिस कारण पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी डीवीसी पर काफी गुस्से में हैं। इस कारण डीवीसी के परिचालन बोर्ड एवं पानी नियंत्रण बोर्ड से अपने प्रतिनिधि वापस ले लिया है। पिछले कई दिनों से डीवीसी के ऊपर झूठे आरोप लगाकर बयान बाजी कर रही हैं। इसी बीच डीवीसी प्रबंधन ने 23 सितंबर को पत्र जारी कर मुख्यमंत्री राहत कोष में बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत दिलाने हेतु कर्मचारियों से एक दिन का वेतन देने की अपील की है।

## अभाविप ने फूंका झारखंड सरकार का पुतला



खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्थानीय शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा चौक पर छात्र गर्जना कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर झारखंड सरकार का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम धनबाद जिला संयोजक अंशु तिवारी नेतृत्व में किया गया। उन्होंने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में विद्यार्थियों को शिक्षा, युवाओं को रोजगार और महिलाओं को सुरक्षा एवं समान अधिकार के वादे पर राज्य की जनता ने हेमंत सोरेन को अवसर प्रदान किया। सरकार को चुनते समय 19 वर्ष का युवा आज 24 वर्ष पूरे करने के कगार पर खड़ा है। लेकिन अपना वयस्क राज्य झारखंड आज भी गरीबी और कमजोर प्रशासन की मार झेल रहा है। देश के 40 प्रतिशत खनिज संपदा से परिपूर्ण इस राज्य में आज भी लगभग 40 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। वहीं लगभग 20 प्रतिशत शिशु और बच्चे कुपोषण के शिकार हैं। राज्य में अराजकता एवं विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक, रोजगार, स्वास्थ्य, महिला सुरक्षा के विषय पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जारी काला दस्तावेज झारखंड सरकार की निरंकुशता का परिणाम है। मौके पर नीरज निखिल, धनबाद विस्तार हरगोविंद, धनबाद जिला सदस्यता प्रभारी अखिल सिन्हा, गायत्री कुमारी , निशा कुमारी, विक्की ठाकुर, रिकी श्रीवास्तव, शेखर सिंह, विशाल ब्राह्मण, शुभम हजारी, विनेश, अमन गुप्ता, परशुराम रेड्डी , प्रशांत मंडल, यस, अभय जायसवाल, सचिन, रोहित, सौरभ, ओम, अभिष्क आदि शामिल थे।

## धनबाद सांसद ने दो बर्खास्त कर्मियों की पुनर्बहाली के लिए एसीसी प्रबंधन को लिखा पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी ।** एसीसी सीमेंट फैक्ट्री सिंदरी के मुख्य द्वार पर विगत 30 नवंबर 2020 को घटी घटना के बाद प्रबंधन ने दो स्थायी कर्मियों और 20 प्रोसेस मजदूरों को बर्खास्त कर दिया था। उनकी पुनर्बहाली के लिए धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने अडानी एसीसी प्रबंधन को पत्र लिखा है। उन्होंने दोनों स्थायी कर्मियों राजकुमार यादव और सत्यदेव चतुर्वेदी की मूलभूत सुविधाओं को भी अविलंब बहाल करने को कहा है। उन्होंने झारखंड विकास श्रमिक संघ द्वारा दिए गए 5 सूत्री मांग पत्र में शामिल फैक्ट्री के 10 किलोमीटर दायरे में स्थानीय लोगों की समस्याओं का सीएसआर फंड से निराकरण करने को कहा है। हालांकि इसके पूर्व 13 सितंबर को झारखंड विकास श्रमिक संघ ने भी प्रबंधन को पत्र भेजकर इसपर अविलंब कार्रवाई की मांग की थी। बताते चलें कि 30 नवंबर 2020 को भाजपा नेता धर्मजीत सिंह ने कुछ मांगों के साथ एसीसी गेट जाम किया था। प्रबंधन से वार्ता के बाद फैक्ट्री गेट से निकलने के बाद सुरक्षा अधिकारी के साथ ग्रामीणों की बहस हो गई। ग्रामीणों ने फैक्ट्री और पुलिसकर्मियों पर पत्थरबाजी की। पुलिस ने कई ग्रामीणों को पकड़कर जेल भेजा था और प्रबंधन ने दो स्थायी कर्मियों सहित 20 प्रोसेस मजदूरों को बर्खास्त कर दिया था।

एक नजर में

## मोबाइल वेटनरी चिकित्सा यूनिट करेगी पशुओं का इलाज



**जामताड़ा ।** अब पशुओं के इलाज के लिए पशुपालकों को भटकना नहीं पड़ेगा। जामताड़ा जिले के 5 प्रखंडों को मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन उपलब्ध कराया गया है। नारायणपुर में बुधवार को बीएचओ सुनील प्रसाद सिंह ने नारायणपुर प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय परिसर से पशु चिकित्सा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस व्यवस्था के तहत एक फोन पर बीमार पशुओं के इलाज के लिए पशु चिकित्सक पशुपालकों के घर तक पहुंचेंगे। पूरी व्यवस्था कॉल सेंटर के जरिये संचालित होगी। उपस्थित लोगों ने मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन के संचालन की जानकारी ली। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी एवं टीवीओ सुशील टुडू ने बताया कि पशुपालक 1962 नंबर पर कॉल कर सेवा प्राप्त कर सकते हैं। प्रथम चिकित्सा सलाह फोन पर ही दी जाएगी। आवश्यकतानुसार मोबाइल चिकित्सा वाहन भेजे जाने की सुविधा है। मोबाइल चिकित्सा वाहन में औषधि, प्रारंभिक जांच एवं कृत्रिम गभार्धान की सुविधा है। मौके पर राहुल कुमार,असरफ अंसारी, दुलाल रवानी आदि कर्मी उपस्थित थे।

## सफाई मित्रों के लिए लगाया गया स्वास्थ्य जांच शिविर, ली गई शपथ

खबर मंत्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** चिरकुंडा नगर परिषद में बुधवार को यूनिसेफ टीएसयू और सहयोगी संस्था नीड्स द्वारा मल कीचड़ प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन, सिटी मिशन मैनेजरअरुण बड़ाईक, लेखापाल सबा प्रवीण, विशाल दुबे, यूनिसेफ और नीड्स से राज्य सलाहकार अजय सिंहऔर सूरज कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला की शुरुआत की। कार्यशाला में कार्यालय कर्मी एवं सभी पर्यवेक्षक उपस्थित थे। जानकारी देते हुए सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने कहा कि 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में नगर परिषद कर्मचारी, महिला समूह और सफाई मित्र शामिल होंगे। कार्यशाला में मल कीचड़ प्रबंधन, चिरकुंडा में बने एफएसटीपी के उपयोग और रखरखाव पर विस्तृत चर्चा की गयी। सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया और शुगर टेस्ट, प्रेशर चेक जैसे कई चेकअप कर दवा भी दी गई। कहा गया कि बहुत जल्द सफाई मित्रों को आयुष्मान कार्ड से भी जोड़ लिया जाएगा। कार्यशाला में स्वच्छता की शपथ ली गई और स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रथ नगर परिषद के हर वार्ड में प्रचार-प्रसार करेगा। यह नगरवासियों को हर 3 साल में अपने सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए नगर परिषद के हेल्पलाइन नंबर 06540296203 से संपर्क करने की जानकारी देगा। स्वच्छता ही सेवा के तहत नगरवासियों को जागरूक किया जाएगा। यह 15 दिन का कार्यक्रम है।

## अंधेरे मार्ग को रोशन करने के लिए मिला अनापत्ति, दिशा-निर्देश जारी

**समाजसेवी की पहल पर नेशनल हाइवे अथॉरिटी की नींद खुली**



खबर मंत्र संवाददाता

**कतरास।** वार्ड एक की समाजसेवी डॉ मधुमाला की पहल पर नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के परियोजना निदेशक ने नगर आयुक्त के नाम पत्र जारी कर कतरास नगर निगम के लिलोरी मंदिर पार्क से भटमुरना चौक तक लाइट लगाने का अनापत्ति पत्र जारी किया है। बताते चलें कि समाजसेवी ने नेशनल हाइवे के इस महत्वपूर्ण मार्ग पर घोर अंधेरा छाए रहने का जिक्र कर सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लाइट लगाने की मांग की थी। परन्तु हाइवे अथॉरिटी मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा था। बुधवार को पुतला दहन का कार्यक्रम रखा गया था। नेशनल हाइवे अथॉरिटी द्वारा अनापत्ति पत्र जारी करने के बाद पुतला दहन स्थगित कर दिया गया। बुधवार को कतरास बाजार स्थित आवास परा प्रेस वार्ता में समाजसेवी डॉ मधुमाला ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण मार्ग पर लाइट के अभाव में अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रही हैं। प्रेस वार्ता में उन्होंने लिलोरी मंदिर पार्क के पास गलत दिशा से मन्दिर की ओर जाने, राहुल चौक, भगत सिंह चौक एवं कतरास कॉलेज के पास अंडर पास बनाने तथा सोनारडीह फाटक व लिलोरी मन्दिर रेलवे फाटक का चौड़ीकरण करने का मामला भी उठाया। इस मौके पर डॉ स्वतंत्र कुमार, निलेश सिंह, अनुराग राजगढ़िया आदि मौजूद थे।

## तोपचांची के सिंहदाहा में निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर



**धनबाद।** असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने बुधवार को तोपचांची प्रखंड के सिंहदाहा काली मंदिर में अपने लक्ष्य धनबाद फर्स्ट के तहत नि:शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य स्थानीय समुदाय में स्वास्थ्य जागरुकता फैलाना और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक पहचान करना था। असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ ने इस अवसर पर कहा कि उनका लक्ष्य है कि हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों, खासकर उन क्षेत्रों में जहां चिकित्सा सुविधाओं की कमी है। कहा कि असर्फी हॉस्पिटल ऐसे शिविर भविष्य में भी आयोजित करेगा।

## रविन्द्र परिषद स्कूल में हुई फायर ब्रिगेड की व्यावहारिक कार्यशाला



**सिंदरी।** रविन्द्र परिषद स्कूल सिंदरी में बुधवार को फायर ब्रिगेड ने व्यावहारिक कार्यशाला आयोजित की। गई। कार्यशाला फायर ब्रिगेड सिंदरी के अधिकारी सुमंत सिंह चौहान के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्यशाला में मौजूद विद्यालय के फाउंडर सदस्य एस डी चट्टराज ने बताया कि शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों और छात्रों ने आग से बचने के उपाय सीखे। फायर ब्रिगेड सिंदरी के अधिकारी ने बताया कि कार्यशाला में लोगों को अग्निशमन से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। कार्यशाला में गोधुलि सूर, शांतनु सरकार, शिवली बनर्जी, मधुमिता भौमिक, सोमा घोषाल, सोनाली साहनी, मनोरंजन मुखर्जी, सरस्वती अधिकारी, पम्पा चक्रवर्ती, चंदा चौधरी, सुनंदा, उमा, एम एस सरकार, सुमित सिंह, विजय मोदक, सोष्टी सुत्रधार, रामू गोस्वामी, पापिया चार समेत विद्यालय के सभी संवर्ग के कर्मचारी और छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

## ओरमांझी में हाथियों का उत्पात, रौंद डाली फसल

**कई मकानों के दीवारों को ढाहा**



खबर मंत्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के चंदरा पंचायत के सुदूरवर्ती क्षेत्र बहेराखुट व रउता जरा में जंगली हाथियों की झुंड द्वारा कई ग्रामीणों के मकान को ध्वस्त कर दिया। वहीं कई किसानों के धान की फसल को छति पहुचाया गया। इसकी जानाकरी मिलने व हाथियों के दखने के लिए आसपास गांव के बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए थें। वहीं ग्रामीणों ने सामुहिक रूप से हल्ला कर हांथियों को अपने क्षेत्र से बाहर निकाला। इस दौरान मुखिया रमेषचंद्र उरांव व सदमा मुखिया सुनील उरांव के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधों ने लोगों को हाथियों के नजदिक जाने से रोका। बताया गया कि झुंड में 23 हाथी थें। जिसने बहाराखुट के पिता नाथु उरराव व उसका बेटा रतिया उरांव के मकान की दीवार को ध्वस्त कर दिया। इसके अलावे रउताजरा निवासी मनोज उरांव सहित कई किसानों के फसलों को छति पहुंची है। मुखिया द्वारा विभाग से मकान व फसल की मुआवजा दिलाने की मांग की गई है।

## फ्लोरेंस में मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

**ओरमांझी।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन इरबा ओरमांझी में एक कार्यक्रम कायोजन हुआ। इस अवसर पर नर्सिंग की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि एमिटी यूनिवर्सिटी, कोलकाता के डीन डा. ब्रजेश एन सिन्हा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया, कहा स्वास्थ्य सेवा के नायकों को सम्मान देने के उदेष्य से आज का महत्वपूर्ण है। फार्मासिस्ट हमें जीवन बचाने वाली दवाओं को उपलब्ध करने कार्य करती हैं। स्वस्थ्य के क्षेत्र में फार्मासिस्टों, फामेर्सी का भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इसी लिए उन्हें हमारे स्वास्थ्य का संरक्षक भी कहा जाता है। वहीं सचिव जीनत कौशर कहा आज के समय में स्वास्थ्य संबंधित चिंताओं के साथ एक फार्मासिस्ट की भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। फार्मासिस्ट उचित दवाओं को रोगियों तक पंहुचाने के लिए एक कड़ी की तरह कार्य करते हैं। मौके पर कॉलेज के सचिव जीनत कौशर, निदेशक डा. शाहीन कौशर, डा. नाजनीन कौशर, प्राचार्य संजीब कुमार, आशुतोष बेहेरा, अभय कुमार, शुभम कुमार मौजूद थे।

## गुरुनानक कॉलेज में दिलाई गई स्वच्छता ही सेवा की शपथ



**धनबाद।** गुरु नानक कॉलेज भूदा कैंपस में बुधवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। एन एस एस वॉलिंटियर्स की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छ भारत का जो सपना देखा था, उसे पूरा करना सभी नागरिकों का कर्तव्य है। एनएसएस इकाई एक के प्रोग्राम ऑफिसर प्रो दलजीत सिंह ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई और कहा कि हम सभी मिलकर देश को स्वच्छ भारत बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने स्वच्छता को राजनीतिक स्वतंत्रता से भी ज्यादा जरूरी माना है। मौके पर कॉलेज के शिक्षक प्रो दीपक कुमार, डॉ मीना मालखंडी, प्रो संजय सिन्हा, प्रो पीयूष अग्रवाल, प्रो सोनू प्रसाद यादव, प्रो अभिषेक सिन्हा, प्रो मनीषा, प्रो एकता, प्रो वर्षा सिंह, प्रो सपना, प्रो सिमरन श्रीवास्तव एवं शिक्षकेत्तर कर्मी नरेंद्र सिंह, पंकज प्रसाद, रंजीत मिश्रा, सुश्री नुसरत परवीन, संजय सिंह और करीब 50 एनएसएस वॉलिंटियर्स मौजूद थे।

## चान्हो में विकास योजनाओं का शिलान्यास

**विधायक ने किया शिलान्यास**

खबर मंत्र संवाददाता

**चान्हो।** प्रखंड के विभिन्न पंचायत मे बुधवार को कल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा किया गया। इस दौरान ग्राम हुटरी के स्कूल मे शौचालय निर्माण, ग्राम हुटरी मुख्य पथ से बुची गाड़ी तक पीसीसी पथ निर्माण, चामा ग्राम में खेलारी मुख्य पथ से गाड़ी बहर तक पिसीसी पथ निर्माण, चामा ग्राम से सुखवाटांड़ जाने वाले रास्ते मे भरवा गिरवा नाला मे दो स्पेन का पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रशंसा करते हुए कहा विधायक क्षेत्र मे विभिन्न योजनाओं को लाकर क्षेत्र का विकास करने मे अपना बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। साथ ही विधायक क्षेत्र मे ग्रामीणों से भी मिलकर उनकी विभिन्न समस्याओ को भी गंभीरता से लेती है और ग्रामीणों की कमियों को दूर करने के लिए ब्लॉक या जिला के पदाधिकारियो से बात करके जल्द उनका निपटारा कराने का प्रयास करती रहती है।

क्षेत्र मे महिला विधायक होने के साथ मे अपने कम समय के कार्यकाल मे क्षेत्र एवं ग्रामीणों के विकास को लेकर लगातार क्षेत्र मे बनी रही है। विधायक के काम को देखकर पूरे मांडर विधानसभा क्षेत्र की जनता उनसे काफी खुश है। इस अवसर पर विधायक ने शिलान्यास कार्यक्रम मे उपस्थित तमाम लोगो को सम्बोधित करते हुए योजनाओं के बारे मे विस्तार से बतलाया और उनका लाभ लेकर आत्म निर्भर बनने को कहा। मौके पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष ईश्तियाक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि, इरशाद खान, अली हसन अंसारी, अनिल कुजूर, मंजूर सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# लौटता मानसून

भारत में मानसून की बारिश सोमवार को उत्तर-पश्चिमी हिस्सों से वापस लौटने लगी है, जो सामान्य से करीब एक हफ्ता देर से शुरू हुई है। यह जानकारी भारतीय मौसम विभाग ने दी। भारत में वार्षिक मानसून देश की लगभग 70 प्रतिशत बारिश प्रदान करता है, जिससे खेतों की सिंचाई, तालाबों और भूजल भंडार को भरने में मदद मिलती है। यह करीब 3.5 ट्रिलियन डॉलर की भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा है।

भारत के लगभग आधे खेत मानसून पर निर्भर रहते हैं, क्योंकि इनकी सिंचाई के लिए कोई अन्य साधन नहीं है। मानसून की बारिश आमतौर पर जून से सितंबर तक चलती है। सामान्य तौर पर मानसून जून में शुरू होता है और 17 सितंबर से लौटना शुरू हो जाता है, लेकिन इस साल बारिश देर तक चलती रही। इससे जलाशय तो भर गए, लेकिन कुछ राज्यों में तैयार फसलों को नुकसान भी पहुंचा। अगस्त में न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने रिपोर्ट किया था कि इस साल एक निम्न दबाव प्रणाली विकसित होने के कारण मानसून की बारिश सितंबर के अंत तक बढ़ सकती है। आइएमडी के अनुसार, इस सीजन में अब तक मानसून की बारिश औसत से 5.5 प्रतिशत ज्यादा रही है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 24 घंटों में पश्चिम राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और गुजरात के कुछ हिस्सों से मानसून के और पीछे हटने के अनुकूल हालात बन रहे हैं। जून और जुलाई में मानसून के कम बरसने से निराशा हुई थी वह अगस्त और सितंबर की बारिश ने पूरा कर दिया। झारखंड में भी सभी डैम भर चुके हैं और विगत सप्ताह की तीन दिनों की लगातार बरसात से भी डैमों का गेट अधिक पानी होने के कारण खोलना पड़ा। वैश्विक स्तर पर बदलते मानसून का परिणाम है कि अब बरसात कम दिनों में अधिक हो रही है ऐसे में वर्षा जल के संचय पर जोर देने की आवश्यकता है।

## आज का राशिफल

मेष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-6-9

वृष : अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

मिथुन : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान की कोशिश करेगा। शुभांक-4-7-9

कर्क : लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-3-5

सिंह : दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। शुभांक-2-6-8

कन्या : विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वतरू ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करे। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-3-7-8

तुला : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-3-5-7

वृश्चिक : आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-6-8

धनु : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

मकर : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

कुंभ : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8

मीन : जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

## कार्टून वर्ल्ड




# एक राष्ट्र, एक चुनाव से क्या बदलाव आयेगा?



**एक** राष्ट्र एक चुनाव भारत में प्रस्तावित चुनावी सुधार है जो देश में सभी चुनावों को एक साथ कराने की वकालत करता है, चाहे वह संसदीय, राज्य विधानसभा या स्थानीय निकाय चुनाव हों, हर पाँच साल में एक बार एक साथ कराए जाने चाहिए। इस अवधारणा का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना, चुनाव से संबंधित खर्चों को कम करना, बार-बार होने वाले चुनावों से होने वाले व्यवधान को कम करना और अभियान से हटकर नीति कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करके शासन को बेहतर बनाना है। समर्थकों का तर्क है कि इससे मतदाताओं की भागीदारी भी बढ़ेगी और चुनावों का निरंतर चक्र समाप्त होगा। हालाँकि, कार्यान्वयन के लिए व्यापक संवैधानिक संशोधनों और राजनीतिक दलों और हितधारकों के बीच आम सहमति की आवश्यकता होती है।

एक राष्ट्र एक चुनाव के पीछे का विचार भारत में लोकसभा (संसद का निचला सदन) और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ समयबद्ध करना है। फिलहाल, भारत में हर पाँच साल में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव होते हैं। सरकार पर लागत का बोझ बढ़ाने के लिए, कुछ राज्य अपनी राज्य विधानसभाओं के लिए अलग-अलग चुनाव भी कराते हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा के तहत सभी चुनाव एक साथ आयोजित करके, चुनावों की संख्या और उनके साथ होने वाले खर्चों को कम करके चुनावी प्रक्रिया को सरल बनाने की उम्मीद है। इस समन्वय के कारण मतदाता एक साथ कई चुनावों में भाग ले सकते हैं, जिससे चुनावी प्रक्रिया सुव्यवस्थित होगी और संभवतः मतदान में वृद्धि होगी। प्रशासन को चुनाव समय-सारिणी में सामंजस्य स्थापित करके शासन की प्रभावशीलता में सुधार करने की उम्मीद है।

भारत में एक राष्ट्र एक चुनाव के क्रियान्वयन के कई संभावित लाभ हैं, विभिन्न स्तरों पर चुनावों को एक साथ कराने से चुनाव संबंधी व्यय में उल्लेखनीय कमी आएगी, जिसमें सुरक्षा, रसद और प्रचार की लागत शामिल है। बार-बार चुनाव होने से अक्सर शासन में व्यवधान पैदा होता है क्योंकि नीति कार्यान्वयन के बजाय चुनाव प्रचार पर ध्यान केंद्रित हो जाता है। एक राष्ट्र एक चुनाव से शासन को स्थिर करने की लंबी अवधि मिलेगी, जिससे निर्वाचित प्रतिनिधि नीतियों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। बार-बार चुनाव होने से कभी-कभी मतदाता थक जाते हैं और मतदान में कमी आती है। एक साथ चुनाव होने से मतदाताओं को हर पाँच साल में केवल एक बार ही वोट डालना होगा, जिससे संभावित रूप से मतदाताओं की भागीदारी बढ़ेगी और वे अधिक सूचित निर्णय ले सकेंगे।

एक साथ चुनाव होने से नीति निरंतरता सुनिश्चित होगी क्योंकि एक ही सरकार एक निश्चित अवधि के लिए सभी स्तरों पर सत्ता में रहेगी। इससे दीर्घकालिक योजना और सुसंगत नीति कार्यान्वयन में सुविधा होगी। अलग-अलग समय पर कई चुनाव कराने से प्रशासनिक मशीनरी पर दबाव पड़ता है। एक राष्ट्र एक चुनाव से चुनाव आयोगों पर बोझ कम होगा। समन्वित चुनावों से संभावित रूप से अधिक राजनीतिक स्थिरता आ सकती है, क्योंकि इससे बार-बार होने वाले मध्यावधि चुनावों, गठबंधन सरकारों और इससे जुड़ी अस्थिरता की संभावना कम हो जाएगी।



-डॉ सत्यभान

> भारत में एक राष्ट्र एक चुनाव के क्रियान्वयन में कई संभावित कमियाँ हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव भारत में विभिन्न राज्यों की अद्वितीय राजनीतिक गतिशीलता और क्षेत्रीय हितों को कमजोर कर सकता है, क्योंकि यह एक समान चुनाव चक्र को बढ़ावा देता है। यह अलग-अलग राज्यों के विविध मुद्दों और आकांक्षाओं को नजरअंदाज कर सकता है, जिससे उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं की उपेक्षा हो सकती है।

भारत में एक राष्ट्र एक चुनाव के क्रियान्वयन में कई संभावित कमियाँ हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव भारत में विभिन्न राज्यों की अद्वितीय राजनीतिक गतिशीलता और क्षेत्रीय हितों को कमजोर कर सकता है, क्योंकि यह एक समान चुनाव चक्र को बढ़ावा देता है। यह अलग-अलग राज्यों के विविध मुद्दों और आकांक्षाओं को नजरअंदाज कर सकता है, जिससे उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं की उपेक्षा हो सकती है। समकालिक चुनावों के साथ, एक जोखिम है कि राष्ट्रीय मुद्दे स्थानीय चिंताओं पर हावी हो जाएँगे। स्थानीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर पर्याप्त ध्यान और चर्चा नहीं हो सकती है, क्योंकि राजनेता राष्ट्रीय स्तर के प्रचार और एजेंडे पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं।

भारत का संघीय ढांचा राज्यों को अपनी सरकारें और नीतियाँ रखने की अनुमति देता है। एक राष्ट्र एक चुनाव शक्ति और निर्णय लेने को केंद्रीकृत करके इस संघीय ढांचे को कमजोर कर सकता है, जिससे राज्यों की स्वायत्तता और स्थानीय मुद्दों को प्रभावी ढंग से संबोधित करने की उनकी क्षमता कम हो सकती है। बार-बार चुनाव होने से मतदाता थक सकते हैं, जहाँ नागरिक असंबद्ध हो जाते हैं और चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने में कम रुचि रखते हैं। एक साथ चुनाव कराने के लिए प्रचार उद्देश्यों के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता होती है। सीमित फंडिंग वाले छोटे दल या उम्मीदवार बड़े पैमाने पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए संघर्ष कर सकते हैं, जिससे संभावित रूप से राजनीतिक प्रतिनिधित्व में असंतुलन पैदा हो सकता है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आवाजों की विविधता सीमित हो सकती है।

भारत के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग राजनीतिक विचारधाराएँ, प्राथमिकताएँ और नीतिगत प्राथमिकताएँ हो सकती हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव नीति निरंतरता को बाधित कर सकता है, क्योंकि राष्ट्रीय स्तर की सरकारों में बदलाव से राज्य स्तर के शासन में महत्वपूर्ण बदलाव हो सकते हैं, जो संभावित रूप से दीर्घकालिक योजना और विकास को प्रभावित कर सकते हैं। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में समकालिक चुनावों को लागू करना महत्वपूर्ण तार्किक चुनौतियाँ पेश करता है। पर्याप्त सुरक्षा, कुशल प्रशासन और कई हितधारकों के बीच समन्वय सुनिश्चित करना जटिल हो सकता है और इससे चुनाव कराने में तार्किक विफलताओं या देरी का जोखिम बढ़ सकता है। संविधान संशोधनः विभिन्न स्तरों पर चुनावी चक्र और सरकारों के कार्यकाल को बदलने के लिए संविधान के कई प्रावधानों में संशोधन करने की आवश्यकता होगी, जो एक जटिल और समय लेने वाली प्रक्रिया हो सकती है।

एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव का उद्देश्य चुनावों की आवृत्ति को कम करना और चुनावों के निरंतर चक्र से बचकर अधिक कुशल शासन प्रणाली बनाना है, जो विकास कार्यों को बाधित कर सकता है और महत्वपूर्ण वित्तीय बोझ डाल सकता है।

## लेटर टू एडिटर

### राजनीति की चमक

**राजनीति** कुछ लोगों के खून में होती है, कुछ को विरासत में मिलती है, और कुछ दूसरों की कूटनीति का शिकार होकर इसमें प्रवेश करते हैं। विनेश फोगाट का राजनीति में आगमन इसी तीसरे कारण से हुआ है। विभिन्न राजनीतिक दलों ने शिक्षा, सिनेमा और खेल की नामचीन हस्तियों की लोकप्रियता को भुनाने के लिए उनका उपयोग किया है। विनेश का मामला भी इसी श्रेणी में आता है। कांग्रेस की रणनीति से वह राजनीति की चकाचौंध का हिस्सा बनी।

**– ईश्वर चन्द गर्ग, रांची**

### असहजता

**फिल्मी** सितारे, कला-संस्कृति और खेल से जुड़ी हस्तियां अक्सर राजनीति में कदम रखती हैं। उनकी उपलब्धियों और लोकप्रियता के कारण उन्हें सम्मान मिलता है, लेकिन राजनीति में आने के बाद वे किसी विशेष दल के साथ जुड़ जाते हैं। इससे उनके प्रशंसकों में असहजता उत्पन्न हो सकती है।

**– रविशंकर सिंह, गढ़वा**

## एक्स - ट्वीट

भांजों, आई लव यू टू

बादल बरस रहे हैं, बिजली चमक रही है, घनघोर बारिश हो रही है लेकिन आप फिर भी परिवर्तन के लिए डटे हुए हैं।

ये माहौल देखकर मैं कह सकता हूं कि अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा और झारखंड में परिवर्तन आएगा।

**-शिवराज सिंह चौहान**
केन्द्रीय कृषि मंत्री

आज जरूरत है एक साथ मिलकर आवाज लगाने की, जिसकी गूंज उन जाति और धर्म के व्यापारियों के कानो तक पहुँच जाये कि हम एक हैं सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा और झारखंड में परिवर्तन आएगा।

**-कल्पना मुर्मू सोरन, विधायक**

# सच का दम आखिर क्यों घुटता है

**राजीव थेपड़ा, गाफिल**

सामयिक

**सच** तो यह है कि सच कोई सुनना ही नहीं चाहता !! ना व्यक्ति ,ना घर ,ना पड़ोस ,ना मोहल्ला, ना राज्य , ना देश ,ना विश्व !! व्यक्ति की किसी एक इकाई से लेकर किसी वैश्विक समुदाय या यूनाइटेड नेशन या कोई भी क्यों न हो , सच कोई भी सुनना नहीं चाहता !!

साफ-साफ से दिखती घटनाओं में भी लोग बायस्ड होते हैं ,पूर्वाग्रह से ग्रसित होते हैं ! बिल्कुल स्पष्ट दिखती स्थितियों में भी एक पक्ष के लोग कुछ और ढूंढ लेते हैं ,तो दूसरे पक्ष के और कुछ और !! एक ही स्थिति पर या घटना पर एक पक्ष उसका कुछ और कारण बताता है ,तो दूसरा पक्ष उसका कुछ और ही !! मगर सच कभी भी सामने नहीं आता !! मूलतः कि वह जैसा हुआ करता है !!

मैं सोचता हूं कि लोगों की सोच पर अक्सर सच रोता होगा !! गनीमत है कि बाढ़-भूकंप जैसी प्राकृतिक घटनाओं में लोग इस तरह की बातें नहीं कर पाते ,वरना ऐसी घटनाओं में भी लोग एक-दूसरे पर उसका दोष मढ़ देते !!

और मीडिया भी तमाम मामलों में जिस प्रकार का मासूम और तटस्थ दिखना चाहता है , हकीकत में वैसा कभी कतई नहीं होता !! क्योंकि आखिरकार वह भी व्यक्ति या व्यक्तियों के समुदाय द्वारा चलाया जा रहा है और उस व्यक्ति या समुदाय के भी अपने कोई न कोई निहित स्वार्थ या कोई न कोई पक्ष अवश्य होते हैं ।

तो इस प्रकार मीडिया के मामले में भी यह बात बिल्कुल वैसी ही है । कौन-सी घटना के किस हिस्से को कितना दिखाना है ? किस तरह दिखाना है ? किस हिस्से में आवाज को म्यूट कर दिया जाना है ? किस हिस्से में आवाज को उभार कर दिखाना है ? किस हिस्से के किस पॉइंट को किस डायलॉग के साथ में प्रस्तुत करना है ? और यह सब भी अलग-अलग मीडिया ग्रुप के द्वारा अलग-अलग सोच के मुताबिक अलग-अलग तरह से किया जाना है !!

मतलब घटनाक्रम तो एक ही है ,लेकिन उसे प्रस्तुत अलग-अलग लोगों द्वारा अलग-अलग तरह से किया जाना है !! इस प्रकार मीडिया भी एक किस्म की कला ही तो है !! कुल मिलाकर मीडिया भी जिस पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर सोच रहा होता है, वही पूर्वाग्रह देश के लोगों पर या विश्व के लोगों पर लादने की कोशिश करता है और निश्चित तौर पर मीडिया के मालिकों के भी निहित स्वार्थ हुआ करते हैं ,जिनके अनुसार उनके नुमाइंदों को काम करना होता है !!

अब अखबार के सरकुलेशन को ही लीजिए ना ! एक ही सरकुलेशन की रिपोर्ट पर विभिन्न अखबार उसे अपने-अपने पक्ष में किस प्रकार लेते हैं वही देख लीजिए ना !! कोई फलाने वर्ग में सबसे ज्यादा पढ़ा जाने वाला अखबार ! कोई क्षेत्रीय स्तर पर सबसे ज्यादा पढ़ा जाने वाला अखबार !! कोई स्थानीय स्तर पर सबसे ज्यादा पढ़ा जाने वाला अखबार !!तो कोई अपने सभी संस्करणों को मिलाकर गिनती में सबसे ज्यादा पढ़ा जाने वाला अखबार !! कोई किसी खास हिस्से में सबसे अधिक पढ़ा जाने वाला अखबार ! तो कोई किसी खास आय वर्ग में पढ़ा जाने वाला अखबार ! तो कोई किसी अन्य खास वर्ग में सबसे अधिक पढ़ा जाने वाला अखबार !! तो इस प्रकार हम देखते हैं कि रिपोर्ट तो एक ही है ,लेकिन उसका हासिल अलग-अलग अखबारों के लिए अलग-अलग है !! तो जब एक ही सरकुलेशन के बाबत कितने तरह के परिणाम सामने आ सकते हैं ,तो साफ-साफ तौर पर सामाजिक और राजनीतिक घटनाओं के तो न जाने कितने ही कोण तलाशे जा सकते हैं और उन कोणों के अनुसार उनकी व्याख्या भी की जा सकती हैं ,बल्कि की ही जाती है !!

दोस्तों हममें से कोई भी निर्लिप्त नहीं होता और तटस्थ भी नहीं होता !! जो जो सुनना चाहता है ,उसी को सच समझता है ,जो नहीं सुनना चाहता, उसे वही झूठ लगता है !! सच और झूठ के इस धरती पर कोई मायने नहीं है ,सिवाय अपने स्वार्थों पर लीपापोती करने के !!

सच तो ही होता है, लेकिन वह क्या होता है, यह किसी को नहीं पता ......और साफ-साफ पता होने पर भी सब सच से बचना चाहते हैं ,मुकरना चाहते हैं अपनी-अपनी तरह से अपने-अपने सच को जीना ही सबको अच्छा लगता है ,प्यारा लगता है ,भले ही वो सबसे बड़ा झूठ ही हो !!

अपने अहसास को चुपचाप घोंटता रहता हूं

अपने अन्दर की कोई आवाज टोहता रहता हूं !!

तो आप सबों का एक झूठा मित्र
राजीव थेपड़ा उर्फ गाफिल

# आत्मिक शुद्धि और मोक्ष की राह

**बासुकीनाथ पाण्डेय**

धर्म

**आश्विन** महीने के कृष्णपक्ष की एकादशी को इंदिरा एकादशी कहा जाता है। पितृ पक्ष के दौरान पड़ने के कारण इसका एक नाम ह्यपितृ पक्ष एकादशीह्न भी है। मान्यता है कि यह व्रत भक्तों को सभी कष्टों और समस्याओं से मुक्ति दिलाता है। विश्वास है कि एकादशी के दिन तुलसी पूजा करने से सौभाग्य और आरोग्य की प्राप्ति होती है। वहीं, इंदिरा एकादशी पितरों की मुक्ति के लिए सर्वोत्तम मानी जाती है।

पद्म पुराण के अनुसार इस एकादशी की ऐसी महिमा है कि जो व्यक्ति यह व्रत करके भगवान श्रीहरि विष्णु का विधिपूर्वक पूजन करता है, उसको जीवन उपरांत भी पुण्य-लाभ मिलता है तथा उसकी सात पीढ़ियों तक पितरों को तृप्ति मिलती है। इस व्रत के प्रभाव से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं।

मान्यता है कि इस एकादशी पर विधिपूर्वक व्रत एवं पूजन कर इसके पुण्य को पूर्वजों के नाम से दान करने वाले भक्त के पूर्वजों को भी मोक्ष मिलता है। पुराणों में बताया गया है कि जितना पुण्य कन्यादान अथवा वर्षों तक तपस्या करने से प्राप्त होता है, उससे भी अधिक पुण्य की प्राप्ति केवल इंदिरा एकादशी का व्रत और भगवान श्रीहरि विष्णु की विधिवत पूजा करने से हो जाती है।



इंदिरा एकादशी के दिन भगवान श्रीहरि विष्णु की तस्वीर अथवा मूर्ति की नहीं, बल्कि इनके शालिग्राम स्वरूप की पूजा की जाती है। इंदिरा एकादशी आत्मिक शुद्धि और मोक्ष प्राप्ति के लिए एक उत्तम अवसर माना जाता है। इस दिन विधि-विधान से व्रत, पूजन और अनुष्ठान करके भगवान श्रीविष्णु की कृपा प्राप्त की जा सकती है, जिससे मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। इसलिए इस पवित्र दिन को पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाना चाहिए।

शास्त्रों में इंदिरा एकादशी व्रत के शुभ अवसर पर ब्राह्मण, निर्धन एवं जरूरतमंद लोगों को यथाशक्ति दान देने की विशेष महिमा बताई गई है। मान्यता है कि इस दिन घी, दूध, दही एवं अन्न का दान करने से व्रती के जीवन में सुख-समृद्धि और सौभाग्य का आगमन होता है तथा सेहत अच्छी रहती है। इस अवसर पर भूखे लोगों को भोजन कराने का भी विधान है। व्रत का उत्तम लाभ पाने हेतु व्रती भगवान श्रीहरि विष्णु की स्तुति एवं ह्यश्रीविष्णुसहस्त्रनामह्न का पाठ करें। इंदिरा एकादशी को तुलसी, अशोक, आंवला, चंदन एवं पीपल अथवा इनमें से किसी एक वृक्ष का पौधा लगाने से भगवान श्रीहरि विष्णु तो प्रसन्न होते ही हैं, साथ ही पितरों को भी संतुष्टि मिलती है।

ब्रह्मवैवर्त पुराण में वर्णन है कि एक बार पांडव राजा युधिष्ठिर ने श्रीकृष्ण से इंदिरा एकादशी का महत्व जानने की इच्छा प्रकट की तो भगवान ने बताया कि इंदिरा एकादशी सभी पापों का नाश करने वाली है। यह व्रती के पितरों को मोक्ष प्रदान करती है। जो लोग मात्र इस व्रत की कथा भी ध्यान से सुन लेते हैं, उनको महान पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दिन गायत्री मंत्र का 108 बार जप करने से व्रती को विशेष लाभ प्राप्त होता है। वहीं, आध्यात्मिक शक्ति और मन की शांति प्राप्त करने के लिए विशेष रूप से इस दिन दुर्गा चालीसा का पाठ करना चाहिए। इस प्रकार व्रत और पूजन करने से जीवन में सकारात्मक बदलाव भी आता है। एकादशी 27 सितंबर को दोपहर 01:20 बजे शुरू होकर 28 सितंबर को दोपहर 02:49 बजे समाप्त होगी। इसलिए उदया तिथि के अनुसार इस बार इंदिरा एकादशी का व्रत 28 सितंबर को रखा जाएगा।

इस दिन भगवान श्रीहरि विष्णु के शालिग्राम स्वरूप को स्थापित करें और व्रत एवं पूजन करने का संकल्प लें। यदि अपने पितरों को इस व्रत का पुण्य प्रदान करना चाहते हैं तो अपने संकल्प में इसे भी अवश्य शामिल करें।

स्पीड न्यूज

## पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में मास्टर रवि को मिला तृतीय स्थान

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** यूनाइटेड पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के द्वारा रांची में आयोजित राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में शहर के मास्टर रवि ने झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। हेल्थ रॉक जिम के संचालक मास्टर रवि ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, महाराष्ट्र, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा समेत अन्य राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। वहीं 69 किलो वजन भार के सीनियर वर्ग में कुल 405 किलो का वजन उठाकर उन्होंने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि फरवरी 2025 में पावर लिफ्टिंग ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में वह हिस्सा लेंगे।

## उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**कोडरमा।** जिले में चौकीदार पद पर नियुक्ति को लेकर आयोजित लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न हुआ। वहीं लिखित परीक्षा में कुल 810 परीक्षार्थियों में से 753 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 57 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं जेजे कॉलेज में आयोजित उक्त लिखित परीक्षा को कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर उपायुक्त के निर्देश पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस पदाधिकारियों, दंडाधिकारी और पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया था। वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया।

## आशा ब्रेड के खराब क्वालिटी की शिकायत पर उपायुक्त ने लिया संज्ञान

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया के गुमो में स्थित मेसर्स आशा ब्रेड के डबलरोटी में कीड़े मिलने का मामला प्रकाश में आने के बाद उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने संज्ञान लिया और मामले की जांच के लिए जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया, जिसके बाद जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र गुगी बुधवार को गुमो स्थित मेसर्स आशा ब्रेड के फैक्ट्री में पहुंच कर मामले की जांच किया, साथ ही ब्रेड और पावरोटी का सैम्पल संग्रह कर जांच के लिए राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला भेज दिया। इसके अलावे श्री गुगी ने परिसर में व्यक्तिगत सुरक्षा के अलावे समय समय पर पानी और ब्रेड की जांच कराने का निर्देश ब्रेड फैक्ट्री संचालक को दिया। फैक्ट्री संचालक को खाद्य सुरक्षा के मानकों का अनुपालन व विधि सम्वत कार्रवाई करने की बात कही।

## गौरव राय जरूरतमंद छात्राओं के बीच किया साइकिल का वितरण

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मंजुला शर्मा मेमोरियल प्लस टू स्कूल में बुधवार को बिहार के ऑक्सीजन मैन कहे जाने वाले गौरव राय द्वारा जरूरतमंद छात्राओं के बीच आधे दर्जन साइकिल का वितरण किया गया। वहीं गौरव राय ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जरुरतमंदो के बीच कुछ न कुछ मदद करनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने तीन जरुरतमंद छात्राओं का चयन करते हुए छात्रवृति देने की भी घोषणा की। उल्लेखनीय हो कि गौरव राय कोरोना काल में सैकड़ों कोरोना मरीजों के बीच ऑक्सीजन सिलेंडर की नि:शुल्क आपूर्ति की थी। वहीं बिहार झारखण्ड के विभिन्न जिलों में सैकड़ों साईकिल, सिलाई मशीन, 131 शिक्षण संस्थानों में सेनेटरी पैड वेडिंग मशीन लगाकर लोगों के जीवन को नया आयाम देने का काम किया है। मौके पर प्रभात कुमार, रीता कुमारी, शिव कुमार, एहशान अली, अलख कुमार, प्रीति चौधरी सहित, बच्चों के माता-पिता व अभिभावक मौजूद थे।

# गौरी शंकर मंदिर रोड में इस बार दक्षिण कोलकाता के मंदिर में माता दुर्गा देंगी दर्शन

लखन सिंह

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के गौरी शंकर मोहल्ला स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गौरी शंकर मोहल्ला रोड का इतिहास काफी पुराना है। यहां 46 वर्षों से दुर्गा पूजा के अवसर पर प्रतिमा स्थापित कर भव्य पूजा का आयोजन किया जा रहा है। यहां दुर्गा पूजा की शुरुआत होने के पीछे भी एक रोचक घटनाक्रम जुड़ी हुई है। पूजा की शुरुआत एवं इस वर्ष किस थीम पर पूजा पंडाल का निर्माण हो रहा है, इस पर पूजा समिति के अध्यक्ष संजय तर्वे ने विशेष बातचीत में पूरी जानकारी साझा की है।

### 46 वर्षों से पेड़ में लगा रहा है जोड़ा बेल



**जोड़ा बेल से माता दुर्गा के आगमन के मिले संकेत :** समिति के अध्यक्ष संजय तर्वे ने बताया कि वर्ष 1978 से पहले गौरी शंकर रोड स्थित एक बेल के पेड़ में नवरात्र के दौरान लगातार जोड़ा बेल लग रहा था, यह मोहल्ले में चर्चा का केंद्र बना हुआ था। इसके बाद मोहल्ले वासियों ने बैठक कर सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि यह माता दुर्गा के आगमन का संकेत है। प्रत्येक वर्ष नवरात्र के मौके पर जोड़ा बेल की पूजा से बेल भरनी पूजा संपन्न होता है। इसके बाद 1978 में सीएच कंपनी की खाली भूमि पर चबूतरा का निर्माण कर प्रतिमा स्थापित कर दुर्गा पूजा की शुरुआत की गई।

### दक्षिण कोलकाता के मंदिर में माता दुर्गा देंगी दर्शन

संजय तर्वे ने बताया कि पिछले 46 वर्षों उसी बेल के पेड़ में आज भी एक डाली में जोड़ा बेल लग रहा है। नवरात्र के सप्तमी तिथि से पहले गाजे बाजे के साथ माता बेल भरनी को लाकर दुर्गा मंडप में स्थापित किया जाता है।

इस वर्ष पूजा समिति के निर्णय के अनुसार दक्षिण कोलकाता के एक मंदिर के प्रारूप में भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। प्रतिमा का निर्माण हजारीबाग के मूर्तिकार सुनील कुमार के द्वारा किया जा रहा है।

पंडाल, लाइटिंग और सजावट में करीब 3 लाख रुपए अनुमानित खर्च है। पंडाल में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, अग्निशामक यंत्र की व्यवस्था रहेगी।

एक नजर में

## जतरा मेले की तैयारियों को लेकर ग्रामीणों की बैठक संपन्न

### अध्यक्ष बने सरबजीत गंझू

खबर मन्त्र संवाददाता



**टंडवा (चतरा)।** मासीलौंग के मैदान में देवीमंडप के समीप जतरा मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले की तैयारियों को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से समाजसेवी सरबजीत गंझू को चौथी बार मेले का अध्यक्ष चुना गया। कमेटी का विस्तार करते हुए संरक्षक विनोद कुमार गंझू, तुलसी गंझू, सचिव सुरेश कुमार उराँव, कोषाध्यक्ष बब्लू गंझू, उपसचिव मुंशी गंझू, उपकोषाध्यक्ष गोपाल उरांव, मीडिया प्रभारी डब्लू गंझू और 12 कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में सुनील कुमार भोगता, प्रदीप गंझू, बालेश्वर गंझू, सुजीत भोक्ता, बिरजू गंझू, सुमित गंझू, बहादुर उरांव, राजू गंझू, महेश उरांव, विद्वान उरांव, सत्येंद्र उरांव और सुरेश गंझू शामिल हैं।

## समाहरणालय के समक्ष एबीवीपी का छात्र गर्जन कार्यक्रम सम्पन्न

**कोडरमा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् द्वारा बुधवार को समाहरणालय परिसर में छात्र गर्जना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में शामिल हुए जिले के विभिन्न इलाकों के विद्यार्थियों ने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी किया। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के आकाश कुमार ने बताया कि झारखंड सीजीएल का परीक्षा राज्य के अलग-अलग परीक्षा केंद्रों में 21 और 22 सितंबर को आयोजित किया गया। जिसमें हजारों परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए इसका मुख्य कारण राज्य सरकार के निर्देश पर दूरसंचार कंपनियों के द्वारा अचानक इंटरनेट की सेवा बंद कर देना एक मुख्य वजह है। आकाश ने कहा कि कई परीक्षार्थी गूगल मैप के जरिए अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचते हैं कई परीक्षार्थी ट्रेन से सफर के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग, ट्रेन का स्टेटस पता करने के लिए इंटरनेट का उपयोग और पेमेंट भुगतान करने के लिए भी इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं अचानक इंटरनेट बंद होने से सभी काम रुक गया और परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र तक नहीं पहुंच पाए। परीक्षा के बाद राज्य के कुछ इलाकों से परीक्षा में गड़बड़ी की भी शिकायत परीक्षार्थियों के द्वारा की गई है, इसके लिए पूरी तरह से झारखंड सरकार जिम्मेदार है। मौके पर नगर विस्तारक नितेश तिवारी, प्रभात कुमार, राजा कुमार राणा, प्रीति कुमारी, काजल कुमारी, पायल कुमारी, अभीषेक कुमार, दीपक कुमार, गुलाम रबानी, लक्ष्मी कुमारी, संदीप कुमार, अशीष कुमार, छोटू कुमार, विक्रम कुमार, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर

## पुलिस केंद्र में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पुलिस केंद्र में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में बतौर प्रशिक्षक दंत चिकित्सक डॉ. सोमेश ने पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को तम्बाकू के इस्तेमाल से होने वाले विभिन्न बीमारियों की जानकारी विस्तृत रूप से देते हुए बताया कि तम्बाकू या इससे बने अन्य उत्पादों का सेवन करना सेहत के लिए काफी हानिकारक है, इसके सेवन से कैंसर, दिल की बीमारी, मोतियाबिंद, ओरल कैंसर जैसे घातक बीमारियां होने का खतरा रहता है। वहीं दीपेश कुमार ने तम्बाकू नियंत्रण अंतगर्त कोटपा एक्ट 2003 से सम्बंधित विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आज के समय में लोग स्वयं को आुनिक दिखाने के चक्कर में तम्बाकू या इससे बने अन्य उत्पादों का सेवन कर रहे हैं, इसका व्यापक असर युवाओं पर पड़ रहा है, ऐसे में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विभिन्न संस्थानों में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है। मौके पर अर्जुन राम तुरी, रामकुमार राम, प्रधान मरांडी, इस्लाम अंसारी, रामजीत मुंडा, अमित कुमार, हिमांशु कुमार आदि मौजूद थे।

### राजद ने बाइक सवारों के बीच बांटे सैंकड़ो हेलमेट | राजद ने किया जान है तो जहान है अभियान की शुभारंभ

## हेलमेट पहनकर ही चलाएं बाइक, जान जोखिम में डालकर नही करें ड्राइविंग : रामधन यादव



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सड़क सुरक्षा नियम का पालन नही करने पर जान खतरे में पड़ जाती है, साथ ही वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवारों को हेलमेट नही पहनने पर हजार रुपये फाइन देना भी पड़ जाता है। बिना हेलमेट पहनकर बाइक चलाने वाले कई युवकों और बाइक सवार की मौत जिले में हुई है। आम जनमानस के बीच रोड सेफ्टी नियम के प्रति जागरूक करने को लेकर राष्ट्रीय जनता दल ने अनोखा अभियान की शुरुआत की है। वहीं राजद जिलाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष रामधन यादव, युवा राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश प्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष मो मुबारक ने डोमचांच के बगड़ो चौक से अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान को ''जान है, तो ज़हान है'' का नाम दिया गया है। वहीं राजद परिवार के नेतृत्व में बाइक सवारों के बीच जागरूकता अभियान भी चलाया गया। वहीं बिना हेलमेट के बाइक सवारी करने वालों के बीच हेलमेट का वितरण किया गया। वहीं राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने जिलेवासियों को हेलमेट पहनकर ही बाइक से सफर करने की अपील किया है। वहीं राजद ने अभियान के तहत डोमचांच के बगड़ो चौक, डोमचांच बाजार, झुमरीतिलैया के सुभाष चौक के अलावे भीड़ भाड़ वाले कई चौक चौराहों के समीप सैंकड़ो बाइक सवारों के बीच हेलमेट का वितरण किया। विभिन्न हेलमेट वितरण स्थल पर बाइक सवार लोगों की काफी भीड़ लगी रही और लोगों ने इस पहल की तारीफ की। राजद इस अभियान के जरिये नेशनल हाइवे और ग्रामीण क्षेत्र, शहर में बिना हेलमेट के सफर करने वाले बाइक सवारों के बीच हेलमेट वितरण लगातार जारी रखेगी। जिले में हर दिन चिन्हित स्थलों पर बाइक सवारों के बीच हेलमेट वितरण करेगी। मौके पर महिला जिलाध्यक्ष अमरजीत कौर, डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष मो. असलम, नगर अध्यक्ष परवेज खान, पवन भगत, कुलदीप यादव, बिनोद यादव, जैकी यादव, विपुल केशरी, धनंजय गुप्ता, सोनू मंसूरी, प्रिंस सिंह, विकास मेहता, राजू पांडेय, विक्रम पासवान, संजय शर्मा, राहुल पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।

## अज्ञात अपराधियों ने की फायरिंग, क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त



खबर मन्त्र संवादाता

**टंडवा (चतरा)।** बुधवार दोपहर डेढ़ बजे, अज्ञात अपराधियों ने टंडवा केरेडारी मुख्य पथ स्थित डामहाबागी कर्बला के पास एक्विप केयर साईट कार्यालय में घुसकर चार राउंड फायरिंग की।फायरिंग में ऑफिस में रखे लैपटॉप के ऊपर गोली चली, जो लैपटॉप से पार करते हुए ऑफिस कर्मी जावेद के कनपटी से बाल-बाल निकल गई। इसके बाद अपराधी बाहर दो राउंड फायरिंग करते हुए संजय नामक व्यक्ति को खोजते हुए एक काली रंग के पल्सर से टंडवा फॉर लाइन होते हुए फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय थाना प्रभारी अनिल उरांव अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और एक गोली और तीन खोखे बरामद किए। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। इस घटना के बाद टंडवा-केरेडारी क्षेत्र के कोयला व्यवसायियों और ट्रांसपोर्टरों में दहशत का माहौल है।

## महिलाओं ने पुत्र के आरोग्य व सर्वकल्याण के लिए रखा निर्जला उपवास

**कोडरमा।** संतान की लंबी उम्र की कामना करते हुए बुधवार को माताओं ने 24 घंटे का निर्जला उपवास रखकर जिऊतीया का उपवास बुधवार को शुरू हुआ। वहीं पूरे अभ्रकांचल क्षेत्र के झुमरीतिलैया, कोडरमा, सतगावां, डोमचांच, मरकच्चो, जयनगर, चंदवारा आदि इलाकों की महिलाओं ने पुत्र के आरोग्य और सर्वकल्याण के लिए निर्जला उपवास किया है। तीन दिवसीय यह व्रत मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ। बुधवार को उपवास का दिन रहा तथा गुरुवार को पारण के साथ व्रत की समाप्ति होगी। पर्व को लेकर शहर के स्टेशन रोड एवं सब्जी बाजारों में खरीदारी के लिए भीड़ लगी रही। वहीं पंडित मदन पांडेय के अनुसार व्रत के आखिरी दिन पारण किया जाता है।

## गिद्धौर पहुंची परिवर्तन संकल्प यात्रा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिद्धौर।** मंगलवार की संध्या को भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश द्वारा आयोजित परिवर्तन संकल्प यात्रा की रथ गिद्धौर पहुंची, जहां स्थानीय कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार के नेतृत्व में स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, विधायक किशुन कुमार दास, जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता, जिला प्रभारी विनय जायसवाल, प्रमंडल सह संयोजक अशोक शर्मा, नरेश सिंह सहित कई वक्ताओं ने ब्लाक मोड़ एवं गिद्धौर मुख्य चौक पर उपस्थित लोगों को संबोधित किया। सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने चुनाव पूर्व पांच लाख नौकरी देने की घोषणा की थी, लेकिन अब वही युवाओं पर लाठी गोली चला रही है। झारखंड में रोहिंगिया बांग्लादेशी घर और कागजात बना रहे हैं, लेकिन इन लोगों को रोकने के बजाय संरक्षण दिया जा रहा है। कांग्रेस के राहुल गांधी अमेरिका में भारत के खिलाफ जहर उगल कर देश की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसे जनता कभी माफ नहीं करेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, जिला उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी यादव, जिला महामंत्री मृत्यंजय सिंह, मिथलेश गुप्ता, विद्यासागर आर्य, महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा, अशोक गुप्ता, महादेव दांगी, उज्जवल दास, रामानंद दांगी, सत्येंद्र दांगी, सुजीत भारती, रंजय भारती, महेंद्र राम, प्रीतम यादव, ईश्वर दांगी, बनसी दांगी, आशीष कुमार, लालधारी यादव, योगेंद्र सिंह, विनीता पांडेय, बब्लू कुमार साव, सुनील कुमार राणा, बिकास कुमार, राजेश कुमार, दशरथ दांगी, शिवकुमार दांगी सहित कई लोग शामिल रहे।

## जिलाध्यक्ष के पुत्र के निधन पर शोक सभा आयोजित

**सतगावां (कोडरमा)।** प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. बीएनपी बर्णवॉल के बड़े पुत्र साकेत केशव के निधन पर बुधवार को झारखंड सेंट्रल पब्लिक स्कूल द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार ने मृत आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। साथ ही उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उनके आकस्मिक निधन पर विद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार ने बताया कि बीते 16 सितंबर को पटना में तीन मंजिला मकान के छत से गिरकर साकेत गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसका इलाज पटना स्थित रुवन मेमोरियल अस्पताल में इलाजरत थे। करीब एक सप्ताह जिंद्गी और मौत से झूझने के बाद 23 सितंबर रात्रि में उनका निधन हो गया।

## जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** बुधवार को उप विकास आयुक्त चतरा पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में जून तिमाही के जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक समाहरणालय सभा कक्ष में की गई। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, प्रबंधक आरबीआई रांची, डीडीएम नाबार्ड, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं जिले में स्थित सभी बैंकों के समन्वयकों ने भाग लिया।

बैठक की शुरूआत अग्रणी जिला प्रबंधक, चतरा ने पिछली तिमाही के बैठक के कार्यवाही के संपुष्टि से की, तत्पश्चात उप-विकास आयुक्त के आदेश के बाद जिले के सभी बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा की शुरूआत की गई। उप-विकास आयुक्त ने समीक्षा के क्रम में कहा कि वो सभी बैंक जिनका की प्रदर्शन शून्य है उन्हे कारण बताओ नोटिस निर्गत करने को कहा साथ-ही-साथ उन्होंने निर्देश दिया की उन सभी बैंकों के कंट्रोलिंग हेड्स को एक पत्र लिख कर उनके निराशाजनक प्रदर्शन का कारण बताने को कहा।

ऋण जमा अनुपात के मामले में चतरा जिले का 32.21 प्रतिशत है जिसे 40% प्रतिशत करने हेतु निदेशित किया गया। उप विकास आयुक्त ने सभी बैंकों के समन्वयकों को निर्देशित किया की वो सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर अपनी सभी संबंधित पंजियों का मिलान कर लें। जिला कृषि पदाधिकारी ने सभी समन्वयकों को बताया की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान केसीसी के प्राप्त आवेदनों को संबंधित बैंक शाखा में भेजा गया हैं अतः सभी कोई आवेदनों को निष्पादित करें।

### खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरों के विरुद्ध कार्यवाही, 6 विक्रेताओं पर 10 लाख 5 हजार रूपए का अर्थदण्ड अधिरोपित

## जिले में लगातार जांच व छापेमारी अभियान रहेगा जारी : अपर समाहर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले में खाद्य सामग्री में मिलायट करने वाले दुकानदारों के उपर न्यायालय अपर समाहर्त्ता-सह-न्याय निर्णयन अधिकारी, चतरा के द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 की सुसंगत धाराओं के तहत 06 (छः) कारोबारीयों के उपर गिरी गाज जिसमें न्यायालय द्वारा खाद्य संरक्षा एवं मानक वाद संख्या-02/2023-24 में एफएसएस एक्ट 2006 की धारा 54 के तहत जयसवाल स्वीट्स, प्रो०- संजीत जयसवाल, मेन रोड़, चतरा के उपर 95000.00 (पंचानवें हजार) रुपए, खाद्य संरक्षा एवं मानक वाद संख्या-04/2023-24 में राज्य बनाम मे० आनन्द होटल प्रो०-मोहन साव ब्रह्मपुर मोड़ गिद्धौर, के उपर 2,50,000.00 (दो लाख पच्चास हजार) रुपए, खाद्य संरक्षा एवं मानक वाद संख्या-06/2023-24 में श्री राम मिष्ठान प्रो० गौतम कुमार हण्टरगंज, चतरा के उपर 80,000.00 (अस्सी हजार) रुपए, खाद्य संरक्षा एवं मानक वाद संख्या-07/2023-24 में शिव मिष्ठान भण्डार प्रो० पियुष कुमार गुप्ता हण्टरगंज, चतरा के उपर 80,000.00 (अस्सी हजार) रुपए, खाद्य संरक्षा एवं मानक वाद संख्या-08/2023-24 में कावेरी स्वीट्स प्रो० राजीव कुमार पिता-नरसिंह प्रसाद सिंह गुदरी बाजार,



चतरा के उपर 2,50,000.00 (दो लाख पच्चास हजार) रुपए तथा खाद्य संरक्षा एवं मानक वाद संख्या-10/2023-24 में गुनगुन स्वीट्स प्रो०- संजय प्रसाद टण्डवा, चतरा के उपर 2.50,000.00 (दो लाख पच्चास हजार) रुपए जुमार्ना के रूप में अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। उपरोक्त सभी खाद्य विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि अर्थ दण्ड की राशि सात दिनों के अंदर चालान के माध्यम से संबंधित शीर्ष में जमा करते हुए अपर समाहर्त्ता-सह-न्याय निर्णयन अधिकारी, चतरा को सूचित करेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। बताते चले की खाद्य संरक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार शर्मा द्वारा दिनांक-25.02.2023 को विभिन्न दुकानों की छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें दुकानों में बनने वाले खाद्य पदार्थ की जाँच हेतु संग्रहित किये गए नमूने को खाद्य प्रयोगशाला में जाँच हेतु भेजा गया था जिसमें उल्लेखित मिष्ठान भण्डार के खाद्य पदार्थों में मिलावट पाया गया। जौंचोपरान्त न्यायालय अपर समाहर्त्ता-सह-न्याय निर्णयन अधिकारी, चतरा के द्वारा मिलावट करने वाले दुकानदारों के उपर अर्थ दण्ड की राशि जमा करने का आदेश दिया गया है। ज्ञातव्य हो कि जिले में खाद्य सामग्री में मिलावट करने वाले दुकानदरों के उपर प्रशासन पूरी तरह से शख्त है, जिले में लगातार छापेमारी अभियान चलाई जा रही है, किसी भी सूरत में खाद्य सामग्री में मिलावट करने वाले दुकानों (मिष्ठानों) को बख्शा नहीं जाएगा। खाद्य सामग्री में मिलावट के कारण मिलावटी सामग्री खाने से खाद्य विषाक्त में खतरे से इनकार नहीं किया जा सकता है।

स्पीड न्यूज

## आपत्तिजनक हालत में पकड़ाया हेडमास्टर

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर से सटे घाटशिला में भारत सेवाश्रम संघ द्वारा संचालित प्रणवानंद विद्या मंदिर उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सह जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू के पति राम किशोर मुर्मू को बुधवार की शाम 6 बजे एक छात्रा के साथ आपत्तिजनक स्थिति में ग्रामीणों ने रंगेहाथ पकड़ा। इससे पूर्व स्कूल के सामने से गुजर रहे चार ग्रामीणों ने इस दौरान एक वीडियो भी बनाया। इस 35 सेकंड के वीडियो में रामकिशोर मुर्मू नग्न अवस्था में अपनी पेंट पहनते दिखाई पड़ रहे हैं। वीडियो की शुरुआत स्कूल के पहले माले पर जाने के लिए सीढियों से की गई है। छात्रा के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ने के बाद ग्रामीणों ने हेडमास्टर की जमकर धुनाई की। उसके बाद ग्रामीणों के सामने रामकिशोर ने अपना अपराध स्वीकार किया। सूचना मिलते ही तेज बारिश के बीच 200 से ज्यादा ग्रामीण बड़ाजोड़ी स्कूल में जुट गये और रामकिशोर मुर्मू से सवाल जवाब का दौर शुरू हुआ। घटना के लगभग डेढ़ घंटे बाद घाटशिला थाना प्रभारी मधुसूदन डे दल-बल के साथ पहुंचे और आरोपी रामकिशोर को हिरासत में लिया और उसे थाने ले गई। उधर इस संबंध में रामकिशोर मुर्मू ने बताया कि वह इस विद्यार्थी को पढ़ने के लिए आया था। उसने कहा कि उसे समय इस छात्रा के अलावा दो और छात्राएं भी मौजूद थी, जबकि ग्रामीणों का कहना था कि इस छात्रा के अलावा और कोई भी स्कूल परिसर में मौजूद नहीं था।

## माताओं ने विधि विधान से की जिउतिया

**गम्हरिया।** जमशेदपुर, आदित्यपुर, कांड्रा, गम्हरिया समेत पूरे कोल्हान प्रमंडल में महिलाओं ने विधि विधान के साथ पूजा पाठ कर जिउतिया पर्व मनाया। इस दौरान माताओं ने दो दिनों तक निर्जला व्रत रखकर पूजा अर्चना कर अपने पुत्र के दीर्घायु होने की कामना किया। हिंदू धर्म के अनुसार, जिऊतिया व्रत जिसे जीवित्पुत्रिका व्रत के नाम से भी जाना जाता है विशेष रूप से माताओं द्वारा अपनी संतान की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए किया जाता है। इस दौरान माताएं व्रत निर्जला व्रत रख कर बुधवार की शाम स्नानादि व पूजा अर्चना के बाद पारण कर व्रत को समाप्त किया। पौराणिक कथा के अनुसार राजा जीतवाहन ने अपनी संतान की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उन्होंने गरुड़ के सामने खुद को प्रस्तुत किया ताकि नागराज की संतान सुरक्षित रह सके। उनके इस महान त्याग से प्रभावित होकर जिउतिया व्रत की परंपरा शुरू हुई।

## पेड़ से लटका मिला शव हत्या का मामला दर्ज

**गम्हरिया।** बीते मंगलवार को कांड्रा थाना अंतर्गत डुमरा निवासी समीर मंडल का शव जंगल में पेड़ से झूलता बरामद होने के मामले में मृतक के पिता सत्यरंजन मंडल द्वारा गांव के ही रिश्तेदार रयबु मंडल के खिलाफ पुत्र की हत्या करने का मामला दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने बताया है कि समीर मंडल बीते अगस्त माह में गुजरात से काम से छुट्टी लेकर गांव आया था।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आज से, ज्ञान और सीखने की क्षमता व नवाचार संचार में मिलेगी मदद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** इंस्टीच्यूट फॉर एजुकेशन महाविद्यालय, सरायकेला (जो एजुकेशनल एंड सोशल डेवलपमेन्ट ट्रस्ट के अधीन एक शिक्षण संस्थान है) के द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस : रिसर्च ट्रेंडस, इमर्जिंग टेक्नोलोजी एंड इनोवेशन विषय तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेन्स का आयोजन दिनांक 26, 27 एवं 28 सितम्बर को किया जायेगा।

उक्त जानकारी संस्थान के निदेशक आरएन महंती ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि इस कान्फ्रेन्स के द्वारा हमें ज्ञान और सीखने की क्षमता तथा नवाचार, संचार आदि में मदद मिलेगी। संवाददाता सम्मेलन में महाविद्यालय की सचिव श्रीमती (डॉ.) स्वीटी सिन्हा एवं अन्य उपस्थित थे।

निदेशक आरएन महंती ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस के प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि माननीय कुलपति, कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा, प्रायोजक इंस्टीच्यूट फॉर एजुकेशन महाविद्यालय के निदेशक आर एन महांती, अध्यक्ष प्रो शुक्ला महांती, आयोजक समिति की अध्यक्ष श्रीमती डॉ स्वीटी सिन्हा, प्राचार्या, इंस्टीच्यूट फॉर एजुकेशन करेगा।


संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते निदेशक आरएन महंती। साथ में प्राचार्या स्वीटी सिन्हा व अन्य।

सेमिनार के उद्घाटन सत्र गुरुवार को दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। कांफ्रेंस के मुख्य बिन्दु पर प्रकाश डालेंगे प्रो. नारायण सी. देवनाथ, इंसर्स्टन अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, वियतनाम विशिष्ट अतिथि श्री दुर्गेश पंत, डी.जी. साईन्स एण्ड टेक्नोलॉजी कॉउन्सिल, देहरादून अध्यक्षीय भाषण मुख्य अतिथियों के सम्मान में नोट प्रस्तुत करेंगे श्री हरि कुमार केसरी, डिविजनल कमिश्नर सह कुलपति, कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा । टेक्नीकल सेशन 1 - डॉ. टेडीवा इलीसा, नवामासवीसाबा (इन्फ्रास्ट्रक्चर यूनिर्वसिटि ऑफ कुवालालम्बपुर, मलेशिया) विशेषज्ञ रहेंगे। पेपर प्रस्तुत करेंगे - सामेन्द्र दास (आर्गनाईजर, आइ.सी.ए.आर., राष्ट्रीय इंस्टीच्यूटर ऑन फूड एण्ड मोउह दिसेया, अरूगूल सह डॉ. सुकांता कुमार प्रधान, उडत्रीसा, विश्वविद्यालय ऑफ एग्रीकल्चर एवं टेक्नालॉजी साथ ही अनेक प्रतिभागियों द्वारा पेपर प्रस्तुत किया जायेगा। कार्यक्रम के अंत में सरायकेला का छऊ नृत्य की प्रस्तुति होगी जबकि डॉ स्वीटी सिन्हा समापन भाषण देंगे। द्वितीय दिवस दिनांक 27.09.2024 को टेक्नीकल सेशन के विशेषज्ञ अलयासा पाटरिका बी. डो. यूमपो, इंजीनियर पोलीटेकनीक विश्वविद्यालय ऑफ दी फिलीपिंस, समर्थक प्रो.नारायण सी देवनाथ, ईस्टर्न अंतर्राष्ट्रीय विवि, वियतनाम। मुख्य अतिथि डॉ दारा सिंह गुप्ता, एनएसएस कोऑर्डिनेटर, कोल्हान विश्वविद्यालय आयोजक - प्रो राजेश तिवारी, प्राचार्य आरवीएस इंजिनियिरिंग कॉलेज, जमशेदपुर, झारखण्ड। पेपर प्रस्तुत डॉ. सुरिया नारायण रथ, भावना कुमारी, हर्षित कुमार, विश्व राज लाल आदि होंगे। इस दिन टेक्नीकल सेशन 2 - पेपर प्रस्तुति डॉ. विश्वम्भर पाठक, बी.आई.टी. मेसरा, जयपुर। डॉ. सतिश चन्द्रा, महेन्द्र विश्वविद्यालय, हैदराबाद। समापन भाषण प्रियंका कुमार देंगे।

डा आरएन महंती ने बताया कि तृतीय दिवस दिनांक 28.09.2024 के मुख्य विशेषज्ञ डॉ. दियानजाल सेरेसटा, उप-प्रधानाचार्य, पोखारा विश्वविद्यालय, फैकल्टी ऑफ साईन्स एण्ड टेक्नालॉजी, स्कूल ऑफ इंजिनियरिंग, लेक्नाथ, नेपाल होंगे। समर्थक अलमासा पाटरिका, बी आकानेपा मेटश अनिला इलेक्ट्रॉनिक इंजिनियर पालेटेक्निक विश्वविद्यालय, फिलिपीन्स।

# शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 55 लाख ठगी करने वाला धराया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गत 23 अगस्त 2024 को एक व्यक्ति से शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 55 लाख रुपए, साइबर अपराधियों के द्वारा ठगी का शिकार बनाया गया था। साइबर थाना में दर्ज कांड का उद्भेदन करने हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक, किशोर कौशल के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक नगर ऋषभ गर्ग के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कांड का उद्भेदन कर फर्जी कंपनी एनए टूर एंड ट्रेवल्स के संचालक कपाली बंधुगोड़ा निवासी नदीम अंसारी को मोबाइल तथा मोबाइल में लगे सिम के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

नदीम का गिरोह न केवल जमशेदपुर बल्कि देशभर के लोगों से साइबर धोखाधड़ी करता था।


नदीम अंसारी को प्रेस के सामने प्रस्तुत करते ग्रामीण सह सिटी एसपी ऋषभ गर्ग।

पुलिस की जांच में पता चला कि पिछले 10 दिनों के भीतर नदीम के बैंक खाते से 4.21 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है।

बुधवार को ग्रामीण सह प्रभारी सिटी एसपी ऋषभ गर्ग ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 23 अगस्त को मुसाबनी के तनवरुल एरेफिन से शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 55 लाख रुपये की साइबर ठगी की गई थी। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि ठगी के कुछ पैसे यूको बैंक के एक खाते में गए हैं, जो कि नदीम अंसारी के नाम पर है। पुलिस ने नदीम अंसारी को गिरफ्तार कर जब पूछताछ की, तो उसने स्वीकार किया कि वह यूको बैंक में एनए टूर एंड ट्रेवल्स के नाम से फर्जी करंट अकाउंट चला रहा था। इस खाते में उसके अन्य साथियों द्वारा की गई साइबर ठगी के पैसे जमा होते थे। नदीम को इन पैसों का 10 प्रतिशत कमीशन मिलता था। पुलिस ने नदीम के पास से एक मोबाइल भी बरामद किया, जिसमें कई लेनदेन के प्रमाण मिले हैं। बैंक अकाउंट से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले 10 दिनों में 4.21 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। हालांकि, फिलहाल खाते में कोई राशि नहीं है।

### पुलिस कर रही गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश

नदीम ने पुलिस को बताया कि वह अपने मामा और कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर साइबर ठगी का काम कर रहा था। अब तक कई लोगों को धोखा दिया जा चुका है और ठगी के पैसे उसके खाते में जमा होते थे। फिलहाल, पुलिस उसके मामा और अन्य साथियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## एक नजर में

### श्रीनाथ विवि में फार्मेसी दिवस मनाया गया



**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय के श्रीनाथ कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस वर्ष का विषय फार्मासिस्ट : वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करना रहा जिसके माध्यम से फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीसीआई के सदस्य धर्मेंद्र सिंह थे। साथ ही सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन के मीडिया इंचार्ज श्री मनी मोहंती और सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन के महासचिव दीपक शर्मा भी कार्यक्रम मे शामिल हुए। जिन्होंने फार्मासिस्टो के कार्य और समाज में उनके योगदान से लोगों को अवगत कराया। मौके पर छात्रों ने प्रश्नोत्तरी, पोस्टर प्रतियोगिता और रंगोली जैसे विविध सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किये गये। मौके पर श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ एसएन सिंह ने फार्मासिस्ट पेशे का स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्व को रेखांकित किया। साथ ही उन्होंने महामारी से लड़ने और वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी लक्ष्यों को हासिल करने में उनकी भूमिका पर भी जोर दिया।

### स्वच्छता ही सेवा 2024 : विद्या भारती चिन्मया विद्यालय के छात्रों ने बनायी मानव श्रृंखला




**जमशेदपुर।** टेल्को स्थित विद्या भारती चिन्मय विद्यालय के सामाजिक विज्ञान विभाग ने 'स्वच्छता ही सेवा 2024' अभियान के अंतर्गत जेएनएसी के निरंतर मार्गदर्शन और निर्देशन का पालन करते हुए सजगतापूर्वक विद्यालय सदस्यों को स्वच्छता ही सेवा पहल में भाग लेने हेतु कड़ी से जोड़ा। स्वच्छता संबंधी विचारों को प्रदर्शित करने के लिए विद्या भारती चिन्मय विद्यालय के लगभग 400 छात्र एवं 30 शिक्षक और उप कर्मचारियों ने मानव श्रृंखला के रूप में विद्यालय परिसर के दोनों ओर दो दिशाओं में,आसपास के क्षेत्र में घूमें; स्वच्छता संबंधी नारे लगाए और सभी को अपने आसपास हर जगह स्वच्छता संबंधी शिष्टाचार का पालन करने की याद दिलायी। विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव श्री विष्णु चंद्र दीक्षित उक्त महत्त्वपूर्ण अभियान के प्रति विद्यार्थियों को सदैव प्रोत्साहित करते रहे हैं। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती मीना विल्खू के अनुसार सामूहिक प्रयास की शक्ति से बड़े से बड़े कार्य भी संपन्न हो सकते हैं; ऐसा ही एक महान कार्य है समाज में स्वच्छता, सफाई और सफाई को निरंतर बनाए रखना; जिसके लिए विद्यालय स्वयं भी जागरुक है और अपने आस-पड़ोस को भी जागरूक करता रहा है।

### कांदरबेड़ा : विधायक सविता महतो ने 400 फीट पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास



**चांडिल।** ईचागढ़ के विधायक सविता महतो ने मंगलवार को कांदरबेड़ा माहलीपाड़ा के घासिराम लोहार के घर से सरकारी तालाब तक साढ़े पांच लाख रुपए की लागत से विधायक निधि से बनने वाले चार सौ फिट पीसीसी सड़क का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। विधायक ने कहा इस सड़क के बन जाने से यहां के ग्रामीणों को कीचड़ भरी सड़क से राहत मिलेगी। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदसय काबलु महतो, ओमप्रकाश लायेक, मदन मुर्मू, माधवी सिंह सरदार, शंकर लायेक सहित कई लोग उपस्थित थे।

### व्यापारियों के साथ हूं, मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि कुछ नहीं होगा : डॉ अजय कुमार



**जमशेदपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ अजय कुमार ने बुधवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि मैं व्यापारियों के साथ हूं। लाल बाबा फाउंड्री स्थित गोदाम को टूटने की खबर से स्तब्ध हूं। मैंने आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें पूरी स्थिति से अवगत कराया। सारी बातों को सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया और उपायुक्त एवं वरीय पदाधिकारियों को इस संबंध में कार्रवाई करने का आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोदाम को टूटने नहीं देंगे। व्यापारियों से कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार में लोगों को बसाया जाता है उन्हें उजाड़ा नहीं जाता है। भाजपा द्वारा लगातार प्रदेश की सरकार को बदनाम करने के लिए षड़यंत्र किया जा रहा है। इससे पहले भी भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने एनजीटी में मामला दर्ज कराया था जिसके कारण भुईंयाडीह के कल्याण नगर एवं इंद्रा नगर सहित 150 घरों को तोड़ने का नोटिस दिया गया। भाजपा बौखलाई हुई है और सत्ता के लिए किसी भी स्तर तक वो गिर सकती है।

### बन्ना गुप्ता अब बेटे से करवा रहे विकास योजनाओं का उद्‌घाटन, दुखद : विकास



**जमशेदपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता विकास सिंह ने मंत्री बन्ना गुप्ता के बेटे मयंक गुप्ता द्वारा विकास योजनाओं के उद्घाटन किये जाने पर आपत्ति दर्ज की है। उनका कहना है कि सत्ता और पैसे की हवस स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को कितनी अधिक है इस फोटो से अंदाजा लगा सकते हैं भतीजा स्वरूप पढ़ने वाला सुशील व्यवहार का बालक मयंक गुप्ता स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का बेटा है। पहले बड़े भाई गुड्डू गुप्ता से शिलान्यास और उद्घाटन करवाते थे तो लगता था चलो भाई के बदले भाई रोटी सेंक रहा है लेकिन अब तो हद हो गई जब सीधे परिवारवाद को बढ़ावा देते हुए भाई को भी दरकिनार करते हुए बेटे मंयक गुप्ता से योजनाओं का शिलान्यास उद्घाटन करवाकर बन्ना गुप्ता अपने कार्यकर्ताओं एवं सैकड़ों की संख्या में बनाये गये प्रतिनिधियों से कितना प्यार और भरोसा करते हैं इसका अंदाजा इस तस्वीर से लगाया जा सकता है।

## गोलमुरी क्लब के कर्मचारियों को मिलेगा अधिकतम 58,729 बोनस



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गोलमुरी क्लब प्रबंधन और कैंटीन होटल एंड रेस्टोरेंट वर्कर यूनियन के बीच आज 20% बोनस पर हस्ताक्षर किये गये। समझौते के मुताबिक कर्मचारियों को अधिकतम 58729 रुपये और न्यूनतम 26935 रुपये भुगतान परसों कर दिया जाएगा। बोनस राशि 27 सितंबर को कर्मचारियों के खाते में भेज दी जायेगी। समझौते पर प्रबंधन की ओर से चेयरमैन आरएन मूर्ति, वाइस चेयरमैन डा एसजे डे, सचिव सुशांत कुजूर, शिल्पि सिन्हा एवं गुरजीत सिंह ने हस्ताक्षर किए जबकि कैंटीन होटल एंड रेस्टोरेंट वर्कर्स यूनियन की ओर से अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय,डिप्टी प्रेसिडेंट बीके डिंडा, महासचिव ददन सिंह,कमेटी मेंबर बिरजू नाग,गगन सिंह और मनोहर कालिंदी ने हस्ताक्षर किये।

## पीएमश्री पीपुल्स अकादमी +2 विद्यालय भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय ने बुधवार को न्यू बाराद्वारी स्थित पीएमश्री पीपुल्स अकादमी +2 विद्यालय में 11 कमरों के वर्गकक्ष के विद्यालय भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। श्री राय ने कहा कि इसका निर्माण 1 करोड़ 7 लाख रुपए की लागत से शिक्षा विभाग के मद से किया जाना है। साथ ही उन्होंने विद्यालय के लिए अपनी विधायक निधि से एक डीप बोरिंग उपलब्ध कराया है।

श्री राय ने कहा कि उनके लिए यह बेहद प्रसन्नता की बात है कि


विधायक सरयू राय शिलान्यास करते हुए।

उनके विधायक के कार्यकाल में स्कूल उत्क्रमित होकर 12वीं स्तर का हो गया है। श्री राय ने कहा कि उन्होंने अपने स्तर से हर संभव संसाधन विद्यालय को उपलब्ध कराने का प्रयास किया है ताकि बच्चों को एक अच्छा शैक्षणिक वातावरण मिल सके। अब वह उम्मीद करते हैं कि विद्यालय प्रबंधन इसका बेहतर तरीके से संचालन करेगा ताकि विद्यार्थियों को बेहतर और गुणवत्तपूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्राप्त करने में विद्यार्थियों को कोई कठिनाई न हो, यह उनका प्रयास होगा।

## करीम सिटी कॉलेज के वूमेंस सेल ने किया गुफ्तगू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** करीम सिटी कॉलेज के वूमेंस सेल ने गुफ्तगू : कम एंड टॉक शीर्षक से अपना इंडक्शन समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वाणिज्य कर विभाग की सहायक आयुक्त डॉ अफसाना खानम थीं। उन्होंने अपने भाषण और अपनी जीवन यात्रा के माध्यम से प्रेरणा दी। उन्होंने सामान्य रूप से छात्रों और विशेष रूप से छात्राओं के लिए बाधाओं की बात की और उन्हें संसाधनों के इष्टतम उपयोग के साथ इन पर काबू पाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का


स्मृति चिह्न प्रदान करते प्राचार्या डॉ रियाज।

संचालन अद्रिजा मल्लिक ने किया। स्वागत गीत सुजाता भद्र ने और नृत्य मुस्कान कुमारी और सोनल कुमारी ने प्रस्तुत किया। स्किट टीम में सानिया अख्तर, सुजाता, ऋषि राज, आस्था प्रिया, ऋषभ राज, रिया मुंडा और रितेश शामिल थे। इस मौके पर वूमेंस सेल की कोऑर्डिनेट डॉ कौसर तस्नीम ने भी अपने विचार प्रकट किया। वूमेंस सेल की छात्रा प्रतिनिधि सानिया अख्तर ने वूमेंस सेल की गतिविधियों को प्रदर्शित करते हुए एक पीपीटी प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ बसुधरा रॉय, डॉ फरजाना अंजुम, डॉ अनुपमा मिश्रा, डॉ आफताब आलम खान, डॉ जकी अख्तर, डॉ शशि प्रभा, डॉ नेहा तिवारी, डॉ मोहम्मद शाहनवाज, डॉ मोहम्मद मुजाहिदुल हक, डॉ शहबाज आलम, डॉ उधम सिंह मौजूद थे।

## टाटा मोटर्स : एचवीटीएल में यूनियन अध्यक्ष व महासचिव का अभिनंदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बुधवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह एवं महामंत्री आर के सिंह जी का स्वागत का कार्यक्रम एचवीटीएल, एंजिन डिविजन, ईआरसी, असेंब्ली लाइन प्लांट वन मे कर्मचारी साथियों के द्वारा रखा गया था। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के सभी सदस्य / कमेटी मेंबर / पदाधिकारी गण /आरके सिंह फैंस क्लब के सदस्य / और सभी कर्मचारी भाई शामिल हुए। अध्यक्ष और महामंत्री का स्वागत माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ देकर और शाल ओढाकर किया गया। अध्यक्ष और महामंत्री जी ने बोनस से जुड़ी तमाम बातों को विस्तार में सभी को बताया और उनपे भरोसा करने के लिए आभार प्रकट किया।

# देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा देने वाले शख्सियत का नाम है पंडित दीनदयाल उपाध्याय

■ नारायण आइटीआई,चांडिल में संस्थापक डॉ जटाशंकर पांडेय ने दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बुधवार को नारायण आईटीआई, लुपुंगडीह चांडिल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाएं गए एवं उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडेय ने कहा कि पण्डित दीनदयाल उपाध्याय (जन्मः 25 सितम्बर 1916 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिन्तक और संगठनकर्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। डॉ जटाशंकर पांडेय ने आगे कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक समावेशित विचारधारा के समर्थक


पं. दीनदयाल जी की तस्वीर को नमन करते डॉ जटाशंकर पांडेय।

थे जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे। राजनीति के अतिरिक्त साहित्य में भी उनकी गहरी अभिरुचि थी। उन्होंने हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में कई लेख लिखे, जो विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए 1934 को अनुज शिवदयाल ने भी उपाध्याय जी का साथ सदा के लिए छोड़कर दुनिया से विदा ले ली। 1935 में स्नेहमयी नानी भी स्वर्ग सिधार गयीं। 19 वर्ष की अवस्था तक उपाध्याय जी ने मृत्यु-दर्शन से गहन साक्षात्कार कर लिया था। 8वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उपाध्याय जी ने कल्याण हाईस्कूल, सीकर, राजस्थान से दसवीं की परीक्षा में बोर्ड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 1937 में पिलानी से इंटरमीडिएट की परीक्षा में पुनः बोर्ड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 1939 में कानपुर के सनातन धर्म कालेज से बीए की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। एमए करने के लिए सेंट जॉन्स कालेज, आगरा में प्रवेश लिया और पूर्वार्द्ध में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुय।

# कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ने चुनाव लड़ने का फूंका बिगुल

▸▸ भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस सभी प्रखंड का दौरा करेगी

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते मानस सिन्हा।

**केतार।** कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मानस सिन्हा ने बुधवार को मां चतुर्भुजी मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात कहा कि आज मां भगवती के दरबार से कांग्रेस आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ कर रहा हूं। चतुर्भुजी मंदिर परिसर में पत्रकार वार्ता करते हुए उन्होंने बताया कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस सभी प्रखंड का दौरा करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर हाल में भवनाथपुर विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। सभी नौ प्रखंडों में कांग्रेस पार्टी का बीस सूत्री अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जनहित कार्य में लगे हुए हैं। उन्होंने महागठबंधन के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि हम विधानसभा चुनाव में वैसे व्यक्ति का समर्थन कदापि नहीं करेंगे जो व्यक्ति 2014 में कांग्रेस का सिंबल फाड़ने और झंडा जलाने का काम किया है। वैसे लोगों का समर्थन कांग्रेस पार्टी कभी नहीं कर सकती है। कहा कि झामुमो 2014 में भी अपना उम्मीदवार उतारा था, जिसमे मात्र 10022 वोट मिला था। भवनाथपुर सीट कांग्रेस का है और यहां से कांग्रेस निश्चित रूप से विधान सभा में अपना उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने कहा कि जो लोग सामंतवादी विचारधारा के लोगों से तंग आकर राजनितिक में आये थे, आज वे लोग भी सामंतवादियों के पिछलगुआ बनकर पीछे पीछे घुम रहे हैं।

## मौके पर थे मौजूद

मौके पर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, जिला प्रवक्ता राहुल दुबे, रमना प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष मंसुर अंसारी, विशुनपुरा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप देव, खरौंधी बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश रजक, सगमा प्रखंड अध्यक्ष देवचन्द यादव, डंडई बीस सूत्री अध्यक्ष क्यामुदीन अंसारी, भवनाथपुर बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा, केतार बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह खरवार सहित कई अन्य कार्यकर्ता

# बीडी प्रसाद ने किया सरदार वल्लभभाई पटेल फुटबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन



उद्घाटन करते ब्रह्मदेव प्रसाद।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरडीहा।** हाई स्कूल मैदान, बरडीहा में सरदार वल्लभभाई पटेल फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष एवं बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय समाजसेवी सह विधानसभा प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद ने फीता काटकर किया।

मौके पर उन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन में अनुशासन, टीम भावना और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। मैं आशा करता हूं कि यह टूनामेंट आपसी सौहार्द और खेल भावना को बढ़ावा देगा। पहला मैच बिश्रामपुर और कांडी के बीच खेला गया। जिसमें कांडी नें 4-3 से जीत हासिल की। मौके पर अध्यक्ष देवेंद्र यादव उर्फ पिंटू, सचिव संजय राम, सत्येंद्र पाल, आनंद विश्वकर्मा, नवल किशोर यादव, शत्रुधन पासवान, दया विश्वकर्मा, लालेश्वर राम, धर्मेंद्र कुमार पाल, प्रदीप पाल, विश्वनाथ प्रसाद शाह, राजू राम आदि उपस्थित थे।

## शारदीय नवरात्र पर नवचंडी महायज्ञ का आयोजन



यज्ञ मंडप बनाते लोग।

**सगमा।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रखण्ड के बैलिया गांव में नव चंडी महायज्ञ आयोजन को लेकर यज्ञ मंडप बनाने का काम अंतिम चरण में चल रहा है। उक्त नव दिवसीय महायज्ञ के विषय में जानकारी देते हुए यज्ञ समिति के कोषाध्यक्ष बिनोद मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में पहली बार नवरात्र के अवसर पर दुर्गा पूजा के साथ साथ नव दिवसीय नव चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, इसे लेकर यज्ञ समिति के लोग रात दिन तैयारी में लगे हुए है। महायज्ञ तीन अक्टूबर से आरंभ होकर ग्यारह अक्तूबर को समापन किया जाएगा। जिसमे तीन अक्टूबर को बैलीय गांव में भव्य कलश यात्रा के साथ यज्ञ शुरू होगा। चार अक्तूबर दिन शुक्रवार को पंचांग पूजन, पांच अक्तूबर शनिवार को वेद मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, छह अक्टूबर रविवार को माता रानी का श्रृंगार, सात अक्तूबर सोमवार को सहस्त्र नामवली पूजन, आठ अक्तूबर मंगलवार को कालरात्रि पूजन, नव अक्तूबर बुधवार को रात्रि पूजन, दस अक्तूबर गुरुवार को महागौरी पूजन, ग्यारह अक्तूबर शुक्रवार को महा हवन विशेष आहुति महाप्रसाद वितरण के साथ यज्ञ की पूणार्हुति होगी। साथ ही प्रतिदिन वृंदावन धाम से पधारे विद्वान के द्वारा दिन के दो बजे से राम कथा का आयोजन किया जाएगा।

## लोन की राशि नहीं चुकाने पर घर सील



घर सील करते पदाधिकारी।

**भवनाथपुर।** लोन की राशि नहीं चुकाने के बाद झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने बुधवार को भवनाथपुर बुका निवासी राहुल कुमार सिंह पिता रमेश सिंह के घर को सील कर अपने कब्जे में ले लिया है। उक्त कार्रवाई भवनाथपुर सीओ आफताब आलम एवं भवनाथपुर पुलिस के नेतृत्व में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रूपेश कुमार ने की। क्षेत्रीय प्रबंधक रूपेश कुमार ने बताया कि घर मालिक द्वारा 2015 में ग्रामीण बैंक से बिजनेस लोन के रूप में 15 लाख रुपए का ऋण लिया गया था, जिसमे ऋणधारक ने गिरवी के रूप में अपनी घर मकान बैंक में गिरवी रखी थी। ऋण स्वीकृत होने के डेढ़ दो वर्ष में ही उनकी सिविल खराब हो गई, समय पर ऋण राशि चुकता करने के लिए कई बार कहा गया लेकिन वह ऋण की राशि बैंक को वापस नहीं कर रहे थे। ऋण की राशि चुकाने के लिए बकाएदार को कई बार नोटिस भी दिये जाने के साथ ही घर खाली करने से संबंधित नोटिस दिया गया था, इसके बाद भी न तो वे ऋण चुकता किए और ना ही घर खाली कर रहे थे। कहा कि सीओ एवं पुलिस के उपस्थिति में ऋण बकायेदार का घर सील कर बैंक अपने कब्जा लेते हुए इसकी नीलामी करेगी। नीलामी में मिलने वाली राशि से बैंक अपना ऋण चुकता करेगी और शेष राशि को मकान मालिक के बैंक खाते में हस्तांतरित कर दी जायेगी। मौके पर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक बुका के शाखा प्रबंधक दिव्या पांडेय, थाना के एसआई प्रदीप उरांव, निरंजन शर्मा एवं पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## पूर्व मंत्री ने किया बूथ स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



कार्यक्रम में पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह।

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड के उत्तरी एवं दक्षिणी मंडल के बूथ स्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन बीएड कॉलेज लातदाग में किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान पूर्व मंत्री ने अपने मंडल, पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष को अपने-अपने बूथ पर युवाओं के सहयोग से एवं अभिभावको के मार्गदर्शन में बूथ जिताने का मूल मंत्र दिया। मौके पर पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा कि पिछले चार महीनो से आप लोगों के सहयोग से भ्रष्टाचार के खिलाफ जो मैंने परिवर्तन यात्रा निकाला है, उसमे आप सभी के समर्पण को प्रणाम करता हूं। पिछले 15 सालो से गढ़वा विधानसभा में क्या काम हुआ है ये आपलोगों से छुपा नहीं है। आज पूरा विधानसभा में भ्रष्टाचार व्याप्त है। आज आप सभी को किसी भी काम को कराने के लिए चमचागिरी और घूसखोरी का सामना करना पड़ रहा है। चाहे गरीबों का अबुआ आवास हो, कुआं हो, वृद्धा पेंशन हो या सरकार के द्वारा जो भी कल्याणकारी योजना हो सभी में घूस लिया जा रहा है। वर्तमान विधायक को आड़े हाथो लेते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि जब मंत्री नहीं थे तो भोली भाली जनता को पानी टैकर बांटकर बरगलाने का काम किया और अब मंत्री हैं तो जनता पानी के लिए बेहाल है। बालू के बारे में बोलते कहा कि बालू बारूद बन गया है। इस बालू के बारूद बनाने में पूर्व विधायक का भी हाथ रहा है। मौके पर सुरेश गुप्ता, सुरेश केशरी, दु:खन चैधरी, मेराल दक्षिणी मंडल अध्यक्ष राम अवतार राम, मेराल उत्तरी मंडल अध्यक्ष अवध किशोर सिंह, सुनील चंद्रवंशी, टीकू बाबू आदि लोग उपस्थित थे।

## कांडी निवासी की नागपुर में सड़क दुर्घटना में मौत



अंतिम संस्कार के लिए ले जाते लोग।

कांडी। प्रखंड क्षेत्र के राणाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम भंडरिया निवासी शिवकुमार सिंह के 54 वर्षीय पुत्र गोविंद सिंह की मौत रविवार की देर शाम महाराष्ट्र के नागपुर में वाहन दुर्घटना में हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही पुरे गांव में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार गोविंद सिंह नागपुर के काटोल में एक निजी कंपनी में मैनेजर पोस्ट पर कार्यरत थे। कार्य से छुट्टी के बाद वे अपने निजी वाहन को छोड़ कर किसी अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल से अपने घर आ रहे थे। उसी दौरान रास्ते में मोटरसाइकिल किसी जानवर से टकरा गई और दुर्घटना ग्रस्त हो गया। जिससे मोटरसाइकिल चालक एवं गोविंद सिंह दोनों घायल हो गए। वहीं दोनों घायलों निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां कुछ घंटे बाद गोविन्द सिंह की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोविंद सिंह मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे हुए थे। और गिरने से उनके माथे में गंभीर चोट लग गया था। घटना की जानकारी मिलते ही उनके छोटा भाई नागपुर पहुंचे। बताते चलें कि गोविंद सिंह अपने परिवार और बच्चों के साथ ही रहते थे। वहीं परिजनों के द्वारा निजी वाहन से पार्थिव शरीर मंगलवार की दोपहर में निवास स्थान भंडरिया लाया गया। उनका अंतिम संस्कार कोयल नदी घाट पर किया गया।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग।

रोजगार मेला, दिनांक–27.09.2024

सूचना

अवर प्रादेशिक नियोजनालय –सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, हजारीबाग द्वारा दिनांक 27.09.2024 को आई०टी०आई० परिसर, सिन्दुर, हजारीबाग में 10:00 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे अपराहन तक निम्न कंपनियों के अधीन रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न है :–

| S.N | Name of the Establishment | Name of Vacancies | No of Vacanies | Qualification | Experience | Age | Pay/Salary | Job Location | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Raychem Pvt Ltd Vadodara | Production, Automatic | 200 | 10th, 12th, ITI | | 18-34 | 12500-13500 | Halol, Vadodara, Gujrat | |
| 2 | Bekaert Industries Pvt. Ltd. | Spatial purpose Machine Operator | ITI – 77 Diploma – 20 Graduate B.sc – 30 | ITI All trade, Diploma all Stream, B.Sc (Chemistry) | | 18-34 | 15000-18000 | Ranjangaon | |
| 3 | Chaitanya India Fin Credit Pvt. Ltd.Hazaribagh | Customer Relationship Executive | 51 | Matric, Inter, Graduation | Fresher | 18-30 | 12770 | | Food + Accommodation Free |
| 4 | SBI Life Insurance, Hazaribagh | Sales Officer | 2 | Graduate | 2 year | 25+ | 20000 | | |
| | | Life Mitra | 20 | 12th | - | 18+ | 20000 | | |
| 5 | GramineSikshaAvam Prasikshan Foundation | Machine Operator | 70 | 10th, 12th | | 18-35 | 14720 | | |
| | | Quality Inspector | 50 | ITI, Diploma | | 18-35 | 15720 | | |
| 6 | AXIS Bank Hazaribagh | Field Executive | 15 | Intermediate | | 30 | 13k to 15k | | On Quesscorp.ltd pay roll |
| | | Relationship Manager | 5 | Graduation | | | As per orgainsation hike | | On Quesscorp.ltd pay roll |
| 7 | R.J. Manpower Sync. Solution Pvt Ltd | Safety Supervisor | 02 | Diploma in safety | Minimum 5 years | 25-40 | 25000-35000 | Hazaribagh | |
| | | Semi Skilled welder | 20 | ITI in any trade | Fresher | 18-35 | 13000-17000 | Hazaribagh | |
| | | Helper | 35 | 10th | Fresher | 18-35 | 11700 | Hazaribagh | |
| | | Carpenter | 05 | 10th / ITI | Minimum 2 years | 22-40 | 16380 | Hazaribagh | |
| | | Mason | 07 | Any | 1 year | 22-40 | 16380 | Hazaribagh | |
| | | AC Welder | 03 | ITI | 2 year | 22-40 | 18720 | Hazaribagh | |
| | | Pipeline fitter | 02 | ITI | 2 year | 22-40 | 16120 | Hazaribagh | |
| | | Civil Engineer | 01 | B. Tech Civil | 5 year | 23-40 | 35000-45000 | Hazaribagh | |
| | | Civil Supervissor | 02 | B. Tech Civil | 3 year | 25-40 | 25000-40000 | Hazaribagh | |
| | | Security Guard | 15 | 10th | Fresher | 18-35 | 10000-22000 | Dhurwa Ranchi | |
| | | Call Center | 20 | 12th | Fresher | 18-35 | 10000-18000 | Ranchi | |
| | | Customer Sales Associate | 12 | 12th | Fresher | 18-35 | 8500-11500 | Ranchi | |
| 8 | Sonata Finance Pvt Ltd, Hazaribagh | Business Relationship Executive | 80 | Intermediate / Graduation | Fresher | 18-28 | 14k – 15k | | Computer Knowledge |
| 9 | Nirmal Job Consultancy Pvt Ltd. | HR | 4 | M.B.A. | 1 year | 18-35 | 20000 | | Training with joining |
| | | Branch Manager | 5 | BBA , MBA | 1 year | 18-35 | 20000 | | Training with joining |
| | | Accounted | 5 | Graduation | Fresher | 18-35 | 10000 | | Training with joining |
| | | Computer Operator | 20 | 12th, ADCA | Fresher | 18-35 | 10000 | | Training with joining |
| | | Aria Manager | 5 | Graduation | Fresher | 18-35 | 12000 | | Training with joining |
| | | Field officer | 10 | Graduation | Fresher | 18-35 | 15000 | | Training with joining |
| | | Team Leader | 5 | Graduation | Fresher | 18-35 | 12000 | | Training with joining |
| | | Supervisor | 10 | Graduation | Fresher | 18-35 | 14000 | | Training with joining |
| | | Store keeper | 5 | Graduation | Fresher | 18-35 | 12000 | | Training with joining |
| | | Tele Caller | 20 | 12th, ADCA | Fresher | 18-35 | 10000 | | Training with joining |
| | | Reception Centre | 15 | 12th | Fresher | 18-35 | 8000 | | Training with joining |
| | | Sales Executive | 40 | 10th to 12th | Fresher | 18-35 | 10000 | | Training with joining |
| | | Security Guard | 100 | 10th | Fresher | 18-35 | 15500 | | Joining after Training |
| | | House keeping | 40 | 18th to 12th | Fresher | 18-35 | 8000 | | Training with joining |
| | | IT Technician | 80 | 10th, ADCA | Fresher | 18-35 | 17600 | | Training with joining |
| | | Hiro Parts | 80 | 10th, ITI Diploma | Fresher | 18-35 | 17652 | | Joining after Training |
| | | Hyling Electrices | 30 | 12th, ITI | Fresher | 18-35 | 17000-20000 | | Training with joining |
| | | Solar Plant | 20 | 12th, ITI | Fresher | 18-35 | 20000-25000 | | Training with joining |
| | | Maruti Suzuki | 30 | 10th, ITI | Fresher | 18-35 | 16000-18000 | | Training with joining |
| | | Ready Water | 25 | 12th, ITI | Fresher | 18-35 | 17000-20000 | | Training with joining |
| | | Bolt watch | 80 | 10th, ITI Diploma | Fresher | 18-35 | 15500 | | Joining after Training |
| | | Growth officer | 20 | 12th | Fresher | 18-35 | 12000 | | Joining after Training |
| 10 | SpandanaSphoorty Financial Ltd | Credit Assistant (Loan Officer) | 10 | 12th , ITI, Diploma | Fresher | 19-28 | 12000 | | Bike / DL |
| 11 | Money Tree Credit Pvt Ltd. Patna | HDFC BANK Sales Executive | 05 | 12th-Graduation | 0 – 1 years | 18-28 | 15000 | | After Interview |
| | | Team Leader | 10 | 12th-Graduation | 0 – 3 years | 18-30 | 20000 | | After Interview |
| | | SBI Cards | 50 | 12th - Graduation | 0 – 1 years | 28 | 16000 | | |
| | | PayTM (FSE) | 50 | 12th - Graduation | 0 – 1 years | 35 | 15500 | | |
| | | PayTM KAM | 20 | 12th - Graduation | 0 – 1 years | 35 | 33000 | | |
| | | PayTM MMM | 20 | 12th - Graduation | 0 – 1 years | 35 | 35000 | | |
| | | Cash Loader | 20 | 12th | 0 – 1 years | 35 | 11500 | | |
| | | ICICI Bank | 25 | 12th - Graduation | 0 – 1 years | 25+ | 25000 | | |
| | | AXIS Bank (SO) | 15 | 12th - Graduation | 0 – 1 years | 27 | 18000 | | |
| 12 | Radiant Future Management & Marketing Dhanbad | Hotel Management Craft Course (6 Months) Diploma in HM (12 Months) B.Sc in HM (3Years) | Male - 100 Female - 100 | 10th – 12th | Fresher | 18-23 | 5k to 15k (stipend) After Training salary will be hike | Pan India | Loading + Fooding Free |
| | | Inventory Clerk Packaging Boy | Male - 50 Female - 50 | 10th&12th | Fresher / Experience | 18-35 | 13k to 18 K | Hydrabad, Pune, Banglore, Gujrat, Kolkata | (If candidate have a passport then candidate also applied for Gulf Country) |
| | | ITI (Welder, Fitter, Helper) | Male - 20 | 10th pass | Fresher / Experience | 18-32 | 16k to 23 k | Pune, Ahamadabad, Gujrat etc. | |
| | | Free Diploma in Mechatronics | Male - 20 Female - 20 | ITI / 12th Pass | Fresher | 18-23 | Gross Stipend 14512 | Ahmedabad | Weight min – for male 50 kg, Female 45 kg, Height – 150 cm for male & 140 cm female |
| | | Social Associate (NayiSochNayi Disha) | Male - 20 Female - 20 | 10th – 12th | Fresher | 18-45 | 10k + incentives | All Over Jharkhand (Home Location Posting) | Good Communication Skill |
| | | Panchayat co- ordinator (Skill India Department) | Male - 10 Female - 50 | 10th 12th | Fresher / Experience | 18-35 | 11700 + 10000 Bonus + incentives | All Over Jharkhand (Home Location Posting) | Good Communication in hindi and local language |
| | | Helper Manufacturing/ Iron /Steel / Sponge Plant | Male - 100 | None Matric | Fresher / Experience | 18-45 | 12k to 15k | Any were in Jharkhand and West Bengal | Lodging free + Fooding Chargeable |
| | | Data Entry Operator Matrimonial form filling Us Medical Form Filling | Male - 30 Female - 20 | Matric + Laptop | Fresher / Experience | 18-45 | Up to 25k as per work submit | Work from Home | Software Fees Applicable |
| | | Tele Sales Executive | Female - 5 | BCA | Fresher / Experience | 18-28 | 10000 + incentive | Work from Home | Good Communication Skills |
| 13 | AB India Services SaraikelaKharsawa | Data Entry operator | 25 | Inter, DCA | No | 18-45 | 8000 | Home Based | Computer Must |
| | | Computer Operator | 25 | Graduation , DCA | No | 18-45 | 10000 | Home Based | Computer Must |
| | | Tellecaller | 10 | Inter | No | 18-45 | 6000 | Home Based | Mobile Recharge Expenses |
| | | Trainee Operator | 25 | ITI | Fresher | 18-23 | 11000 | Jamshedpur/ West Bengal | Bus + Canteen Facility |
| | | Trainee | 25 | Inter | Fresher | 18-23 | 11000 | Noida | Bus + Canteen Facility |
| | | Mobilizer | 10 | Matric | Fresher | 18-45 | 10000 | Hazaribagh | |
| | | Field Executive | 10 | Matric | Fresher | 18-45 | 10000 | Hazaribagh | |
| | | Project Trainer | 2 | MBA / B Tech (English Fluent) | Fresher | 20-40 | 12000 | Hazaribagh | |
| | | Helper | 30 | Non Matric | Fresher | 18-45 | 10000 | Orissa | Lodging + Fooding Free |
| | | Side Supervisor | 5 | Graduation | 6 Month | 23-45 | 12000 | Jharkhand/ orissa | |
| | | Tele Sales Executive | 10 | Inter | 6 Month | 20-35 | 10000 | Home Based | |
| | | Transcriber | 10 | Inter | 6 Month | 20-36 | 12000 | Home Based | |
| | | Running / Scott Staff | 25 | Matric | Fresher | 18-45 | 12000 | orissa | Lodging Free |
| | | Technician / Engineer | 20 | ITI/Diploma | Fresher | 18-35 | 15000 | Maharashtra/ Gujrat | Lodging + Transport Facility |
| | | Sales Executive | 10 | Graduation | 6 Month | 18-45 | 12000 | Hazaribagh | Patrol + Mobile Expanse |
| | | Panchayat Cordinator | 25 | Graduation | | 20-45 | 15000 | Hazaribagh | Patrol + Mobile Expanse |
| | | Surveyor | 15 | Inter | Fresher | 20-45 | 12000 | Hazaribagh | Patrol + Mobile Expanse |
| | | Fitter | 10 | ITI (Fitter) | 1 Year | 20-45 | 12000-15000 | Saraikela | |
| | | Welder | 15 | ITI (Welder) | 1 Year | 20-45 | 12000-15000 | Saraikela | |
| | | Bussiness Development officer | 5 | Graduation | 1 Year | 22-45 | 15000-20000 | Hazaribagh | Patrol + Mobile Expanse |
| | | Block Field Supervisor | 10 | Graduation | Field Exp. | 19-45 | 15000-20000 | Hazaribagh | Patrol + Mobile Expanse |
| 14 | Aadhya HR SolutioanPvt. Ltd Banglore | Junior Technician | 70 | ITI & Diploma (Any Trade) | Fresher's Only | 18-35 | 16000 | Bangalore | 08 Hours Duty |
| | | Junior Technician | 100 | ITI & Diploma (Any Trade) | Fresher's Only | 18-38 | 20500 | Bangalore | 12 Hours Duty |
| | | Senior Technician | 28 | ITI & Diploma (Fitter & Mechanicals only) | 06 month to 1 year Experience | 18-34 | 17000 – 20000 | Bangalore | 08 Hours Duty |
| | | Helpers | 40 | Not Need any Qualifiacation | Fresher's Only | 18-40 | 18000 | Bangalore | 12 Hours Duty |
| | | Helpers | 25 | Not Need any Qualifiacation | Fresher's Only | 18-38 | 15500 | Bangalore | 08 Hours Duty |
| 15 | Sarthi India Career Hub LodhikaMetoda, Gujarat | Fettling Operator | 150 | ITI / Diploma | Fresher | 18-25 | 16080 | Gujarat | |
| 16 | Anindita Steels, DadiHazaribagh | SR. General Manager (CPP) | 1 | B.Tech Diploma in any Specilization | 20 Year | 40 | 40 k-Plus | | Must have Experience in Power plant product and production |
| | | Manager (Mechanical) | 1 | B.Tech Diploma in Mechanical | 8 Year | 25 | 38 k-Plus | | Must have Experience in Power plant product and production |
| | | Dy. Manager (Electrical) | 1 | B.Tech Diploma in Electrical | 8 Year | 25 | 35 k-Plus | | Must have Experience in Power plant product and production |
| | | DY Manager (Civil) | 1 | B.Tech Diploma in Civil | 8 Year | 25 | 35 k-Plus | | Must have Experience in Power plant product and production |
| | | DY Manager (Electrical and Instrumental) | 1 | B.Tech Diploma in E & I | 8 Year | 25 | 35 k-Plus | | Must have Experience in Power plant product and production |
| | | SR. Engineer (Mechanical) | 3 | B.Tech Diploma in Mechanical | 5 Year | 25 | 30 k-Plus | | Must have Experience in Power plant product and production |
| | | Engineer (Mechanical) | 4 | B.Tech Diploma in Mechanical | 5 Year | 25 | 30 k-Plus | | Must have Experience in Power plant product and production |
| | | SR. Engineer (Electrical) | 4 | B.Tech Diploma in Electrical | 5 Year | 25 | 30 k-Plus | | Must have Experience in Power plant product and production |
| | | Engineer (Electrical) | 4 | B.Tech Diploma in Electrical | 5 Year | 25 | 30 k-Plus | | Must have Experience in Power plant product and production |
| | | MILL Wright Fitter (Mechanical) | 1 | ITI in Fitter Trade | 7 Year | 25 | 25 k-Plus | | Must have Experience in Power plant product and production |
| | | Fitter (Mechanical) | 4 | ITI in Fitter Trade | 5 Year | 25 | 20 k-Plus | | Must have Experience in Power plant product and production |
| | | Electrician (Electrical) | 4 | ITI in Electrical Trade | 5 Year | 25 | 20 k-Plus | | Must have Experience in Power plant product and production |
| | | Welder/ Cutter (Mechanical) | 2 | ITI | 5 Year | 25 | 20 k-Plus | | |
| | | Supervisor (Civil) | 4 | Graduate in any Spechization | 3 Year | 25 | 20 k-Plus | | |
| | | Engineer (Civil) | 1 | B.Tech Diploma in Civil | 3 Year | 25 | 30 k-Plus | | Must have Experience in Power plant product and production |
| 17 | Nettur Technic Foundation Bangalore | Trainee | 250 | 10th, 12th, ITI | Fresher | 18-25 | 14100 to 14300 | | |
| | | Trainee | 50 | ITI | Fresher | 18-25 | 15126 | | |

योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नही है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए इस रोजगार मेला में नियोजक / नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण–पत्रों एवं अंक प्रमाण–पत्रों की छाया प्रतियाँ अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण–पत्र तथा बायोडाटा दो प्रतियों में, दो पास पोर्ट साईज का फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नही है। चूंकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित हैं, अत एव चयन की प्रक्रिया मे नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नही रहेगा। इस निमित किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नही होगा।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय,
हजारीबाग।

PR 337017 (Labour Employment and Traning) 24-25 (D)

स्पीड न्यूज

## प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित जसराज की पत्नी मधुरा का निधन

मुंबई। भारत के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित जसराज की पत्नी मधुरा जसराज का निधन हो गया है। मधुरा की बेटी दुर्गा ने अपनी मां की मौत की दुखद खबर मीडिया को बताई है। 86 साल की उम्र में मधुरा पिछले कई महीनों से शारीरिक बीमारियों से जूझ रही थीं। मधुरा और पंडित जसराज की पहली मुलाकात 6 मार्च, 1954 को हुई थी। 1954 में मधुरा के पिता और महान निर्देशक वी. शांताराम फिल्म जनक जनक पायल बाजे का निर्माण कर रहे थे। इसी दौरान जसराज और मधुरा की जान-पहचान हुई और बाद में उन्होंने 1962 में शादी कर ली। पंडित जसराज का 2020 में 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

## फिल्म सीटीआरएल का ट्रेलर रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडेय की आने वाली फिल्म सीटीआरएल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अनन्या पांडे ,फिल्म सीटीआरएल की झकझोर देने वाली कहानी में एक ऐसी लड़की के किरदार में नजर आएंगी, जो सुलझी हुई है, तो उसमें कुछ उलझन भी है। इस फिल्म में उनके साथ विहान सामत भी लीड रोल में हैं, जो उनके ब्वॉयफ्रेंड बने हैं। निखिल द्विवेदी और आर्य मेनोन द्वारा निर्मित तथा विक्रमादित्य मोटवानी द्वारा लिखित एवं निर्देशित फिल्म सीटीआरएल 04 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी।

## सेना को मिलेगी हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट अभेद्य

नयी दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के शोधकर्ताओं के साथ मिलकर अभेद्य नाम की हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट विकसित की हैं।
रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि इन जैकेटों को आईआईटी, दिल्ली में डीआरडीओ इंडस्ट्री एकेडेमिया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (डीआईए-सीओई) में विकसित किया गया है।

## राष्ट्रपति आज जायेंगी सियाचिन बेस कैंप

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन बेस कैंप का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति भवन ने बुधवार को बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 26 सितंबर को सियाचिन बेस कैंप का दौरा करेंगी और सैनिकों से बातचीत करेंगी।

## ईरान से मेरी जान को बड़ा खतराः ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि ईरान उनके जीवन और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। ट्रंप ने ईरान द्वारा अमेरिका को अस्थिर करने के प्रयास में उनकी हत्या करने की कथित धमकियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिकी सेना अब इस पर नजर रख रही है।

## चीन ने आइसीबीएम का किया परीक्षण

बीजिंग। चीन की सेना ने बुधवार को डमी वारहेड के साथ एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आइसीबीएम )का प्रशांत महासागर में सफल परीक्षण किया। इसे स्थानीय समयनुसार सुबह 8.44 बजे पीपल्स लिबरेशन आर्मी की रॉकेट से प्रक्षेपित किया।

चुनावी दर्पणः झारखंड शिकारीपाड़ा सीट

# कौन संभालेगा नलिन सोरेन की विरासत

खबर मन्त्र संवाददाता

- 1990 से लगातार जीतते आ रहे हैं नलिन सोरेन
- भाजपा खत्म कर पायेगी 35 साल का सूखा






दुमका। झारखंड विधानसभा चुनाव में शिकारीपाड़ा सीट काफी खास है, क्योंकि इस सीट से झामुमो पिछले 35 साल से जीत हासिल करता आ रहा है। खास बात ये है कि यहां से नलिन सोरेन लगातार सात बार चुनकर विधानसभा पहुंचे हैं। अब वे सांसद बन गये हैं तो ऐसे में भाजपा को भी उम्मीद दिख रही है कि वे इस सीट पर कब्जा कर सकते हैं। शिकारीपाड़ा विधानसभा सीट की तो ये झामुमो का गढ़ माना जाता है। शिकारीपाड़ा विधानसभा सीट झामुमो का एक अभेद्य किला है। अब तक कोई भी पार्टी झामुमो के इस किले को फतह नहीं कर सकी है। यही वजह रही है कि जब झामुमो से सीता सोरेन ने बगावत कर दुमका लोकसभा सीट से उम्मीदवारी दाखिल की तो पार्टी ने नलिन सोरेन पर अपना भरोसा जताया। नलिन भी पार्टी के उम्मीदों पर खरा उतरे और शानदार जीत दर्ज की। शिकारीपाड़ा विधानसभा सीट में जेएमएम प्रत्याशी नलिन सोरेन को करीब 25 हजार वोटों की बढ़त मिली थी। इसी बढ़त ने उनकी जीत में अहम भूमिका निभायी।

पश्चिम बंगाल की सीमा से सटा इस विधानसभा सीट पर अब तक कुल मिलाकर 17 बार चुनाव हुए हैं। यहां से नलिन सोरेन 1990 से ही लगातार जीतते आ रहे हैं। ऐसे में राजनीतिक हलकों में ये भी चर्चा है कि ये सीट उनके परिवार के किसी सदस्य को ही मिले। इसमें नलिन के बेटे आलोक सोरेन और उनकी पत्नी का भी नाम लिया जा रहा है। इसके अलावा बसंत सोरेन भी इस सीट के लिए दावेदार माने जा रहे हैं।

### भाजपा से पारितोष सोरेन व अविनाश सोरेन दावेदार

शिकारीपाड़ा सीट पर क्योंकि झामुमो मजबूत है ऐसे में विपक्ष की तरफ से यहां कौन कैंडिडेट होगा ये भी देखना दिलचस्प होगा। हालांकि फिलहाल भाजपा अपनी रायशुमारी कर रही है और इस सीट से किसी का नाम फाइनल नहीं किया गया है। पर यहां से पारितोष सोरेन और अविनाश सोरेन एक मजबूत दावेदार हैं। शिकारीपाड़ा सीट पर भाजपा अभी तक जीत हासिल नहीं कर सकी है, यहां पर नलिन मजबूत थे। नलिन के सांसद बन जाने से भाजपा के लिए ये एक बड़ा मौका होगा कि वे इस सीट पर जीत हासिल कर सके।

**2019 का चुनाव परिणाम**

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| नलिन सोरेन | जेएमएम | 79,400 |
| परितोष सोरेन | बीजेपी | 49,929 |
| राजेश मुर्मू | जेवीएम | 5,164 |
| सालखन मुर्मू | जेडीयू | 4,445 |

**2014 का रिजल्ट**

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| नलिन सोरेन | जेएमएम | 61,901 |
| परितोष सोरेन | जेवीएम | 37,400 |
| शिवधन मुर्मू | लोजपा | 21,010 |
| राजा मरांडी | कांग्रेस | 7,877 |

**2009 का चुनाव परिणाम**

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| नलिन सोरेन | जेएमएम | 30,478 |
| परितोष सोरेन | जेवीएम | 29,471 |
| राजा मरांडी | जदयू | 29,009 |

**2005 का चुनाव परिणाम**

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| नलिन सोरेन | जेएमएम | 27,723 |
| राजा मरांडी | जदयू | 24,641 |

# कांग्रेस के डीएनए में ही है आरक्षण का विरोध

एजेंसी

- राजघराने से आने वाले हर प्रधानमंत्री ने एससी, एसटी और ओबीसी को भागीदारी से वंचित रखा : नरेंद्र मोदी



सोनीपत/नयी दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सोनीपत के गोहाना में चुनावी रैली में आरक्षण और भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आरक्षण के प्रति नफरत कांग्रेस के डीएनए में है, हरियाणा की जनता को कांग्रेस की आरक्षण विरोधी रणनीति से सावधान रहना होगा। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस राजघराने से आने वाले हर प्रधानमंत्री ने आरक्षण का लगातार विरोध किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आरक्षण का विरोध कांग्रेस के डीएनए में समाया हुआ है। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि कांग्रेस राजघराने की चौथी पीढ़ी भी अब आरक्षण खत्म करने की वकालत कर रही है। उन्होंने नागरिकों से कांग्रेस की आरक्षण विरोधी चालों से सतर्क रहने का आग्रह किया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार से जो भी प्रधानमंत्री बना, उसने हमेशा आरक्षण का विरोध किया है। आरक्षण का विरोध, आरक्षण से नफरत, कांग्रेस के डीएनए में है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही एससी, एसटी और ओबीसी को भागीदारी से वंचित रखा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर की बदौलत दलितों को आरक्षण दिया गया वरना दलितों को भी आरक्षण के लिए कांग्रेस की हार का इंतजार करना पड़ता। जब भी कांग्रेस सरकार में रही है, उसने दलितों-पिछड़ों का हक छीना है। उन्होंने कहा कि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर का मानना था कि दलितों को सशक्त बनाने में उद्योगों की बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि अंबेडकर गरीब और दलित समुदायों की दुर्दशा को समझते थे और उनके लिए अवसर पैदा करने में कारखानों के महत्व को पहचानते थे। इसलिए बाबा साहेब कहते थे कि जब फैक्टरियां लगती हैं, तब गरीबों, दलितों, वंचितों को अवसर मिलता है। भाजपा की नीति निर्णयों में, भाजपा के विचारों में आपको बाबा साहेब की यही सोच दिखाई देगी। दलित और वंचित समाज को उद्योगों में अवसर देकर ही सच्चा सशक्तिकरण संभव है।

मोदी ने बताया कि वे अभी-अभी अमेरिका से लौटे हैं, जहां उन्होंने लाखों करोड़ रुपये की कंपनियों के वैश्विक नेताओं और सीईओ से मुलाकात की। उन्होंने भारत की युवा प्रतिभा के बारे में बात की और इस बात पर जोर दिया कि पिछले एक दशक में भारत पर वैश्विक भरोसा काफी बढ़ा है। दुनिया अब भारत को भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद से मुक्त और तेजी से प्रगति करने वाला देश मानती है। उन्होंने पिछले दस वर्षों में मेक इन इंडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत अब मोबाइल फोन से लेकर लड़ाकू जेट और विमानवाहक पोत तक सब कुछ बना रहा है। पिछले तीन वर्षों में ही विनिर्माण क्षेत्र में लाखों नौकरियां पैदा हुई हैं।

## पराली से चल रहे हैं 400 प्लांट : गडकरी




चंडीगढ़। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को किसानों से पराली ना जलाने का अनुरोध करते हुए कहा कि पराली अब किसानों के लिए समृद्धि का कारण बनने जा रही है। नई तकनीक के करीब 400 प्लांट देश में चल रहे हैं। इसमें से 60 प्लांट पंजाब और हरियाणा में हैं। पराली से बॉयो सीएनजी, बॉयो एलएनजी तैयार हो रही है। पानीपत में इंडियन ऑयल ने बहुत बड़ा प्लांट बनाया है, जहां पर एक लाख लीटर ईंधन तैयार हो रहा है। गडकरी नेथानेसर से भाजपा उम्मीदवार सुभाष सुधा के समर्थन में एक जनसभा और लाड़वा विधानसभा से उम्मीदवार एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी के समर्थन में बुद्धिजीवी सम्मेलन को संबोधित किया। यहां गडकरी ने कांग्रेस को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गरीबी हटाने का नारा दिया और गरीबी अपने चेले चपाटों और चमचों की हटाई। उन्होंने कहा कि लोगों की गरीबी हटी नहीं, पर कांग्रेस के लोग मालोमाल हो गए। उन्होंने कहा कि हरियाणा और पंजाब हमारे लिए अनाज का भंडार है। किसानों के परिश्रम से जितने गेहूं और चावल प्रति एकड़ हरियाणा और पंजाब में पैदा होते हैं, उतने देश में कहीं नहीं होते।

## टीएमसी सांसद नुरुल इस्लाम का निधन

कोलकाता। उत्तर 24 परगना जिला अंतर्गत बशीरहाट के तृणमूल सांसद हाजी नुरुल इस्लाम (61) का बुधवार को निधन हो गया। अपराह्न करीब 1.15 बजे दत्तपुकुर थाना अंतर्गत बयरा गांव स्थित अपने आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और टीएमसी महासचिव एवं सांसद अभिषेक बनर्जी ने हाजी नुरुल इस्लाम के निधन पर शोक व्यक्त किया है। वह लंबे समय से लीवर कैंसर से पीड़ित थे और करीब छह महीने से कई शारीरिक समस्याओं से जूझ रहे थे। उनका लंबे समय से दिल्ली और कोलकाता के अपोलो अस्पताल में इलाज चल रहा था। हाजी नुरुल इस्लाम 2009 में बशीरहाट लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के सांसद चुने गए और पहली बार जीत हासिल की। उन्होंने 2014 में जंगीपुर से चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। 2016 में वह फिर से हरोआ विधानसभा सीट के विधायक बने। 2021 में हाजी नुरुल इस्लाम ने हरोआ विधानसभा से दोबारा जीत हासिल की थी। इसके पश्चात 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने एक बार फिर से बशीरहाट संसदीय क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वे एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता थे ।

प्रकाशित




# जम्मू-कश्मीर में 54.18 प्रतिशत मतदान

एजेंसी

दूसरे चरण में वैष्णो देवी सीट पर डाले गये सर्वाधिक वोट



जम्मू/ श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा की 26 सीटों पर बुधवार शाम छह बजे मतदान समाप्त हो गया और इस दौरान औसतन 54.18 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें सर्वाधिक वोट श्री माता वैष्णो देवी सीट पर डाले गये। चुनाव आयोग के मुताबिक आज दूसरे चरण में छह जिलों राजौरी, पुंछ, रियासी, गंदेरबल, श्रीनगर और बड़गाम के 26 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हुआ। श्री माता वैष्णो देवी सीट पर सबसे अधिक 75.29 प्रतिशत मतदान हुआ और हब्बाकदल में सबसे कम 15.80 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक बीरवाह में 62.50, बडगाम में 47.18, बुढाल (सुरक्षित) में 66.95, सेंट्रल शालटेंग में 29.09, चदूरा में 54.16, चन्नापोरा में 26.95, चरार-ए-शरीफ में 66.00, ईदगाह में 34.65, गंदेरबल में 53.44, गुलाबगढ़ (सुरक्षित) में 72.19, हजरतबल में 32.35, कलाकोटे-सुंदरबनी में 66.37, कंगन (सु) में 67.60, खानसाहिब में 67.70, खानयार में 24.00, लाल चौक में 30.44, मेंढर (सु) में 69.67, नौशेरा में 69.00, पुंछ-हवेली में 72.71, राजौरी (सु) में 70.56, रियासी में 69.09, सूरनकोट (सुर) में 72.18, थन्नामंडी (सु) में 68.44 और जेदीबल में 28.36 प्रतिशत औसतन मतदान हुआ। बड़गाम में उमर अब्दुल्ला का मुकाबला पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के आगा सैयद मुंतजिर से है, जो नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) नेता एवं सांसद रूल्ला मेहदी के चचेरे भाई हैं। नौशेरा सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख रविंदर रैना की किस्मत का फैसला भी इसी चरण में होगा। भाजपा प्रमुख को विधान परिषद के पूर्व सदस्य सुरिंदर चौधरी से कड़ी चुनौती मिल रही है, जिन्होंने नेकां के टिकट पर चुनाव लड़ा है। अन्य प्रमुख उम्मीदवार जिनके भाग्य का फैसला दूसरे चरण में हुआ है, उनमें सेंट्रल-शालटेंग से कांग्रेस जम्मू-कश्मीर अध्यक्ष तारिक कर्रा, चन्नापोरा से अपनी पार्टी के प्रमुख अल्ताफ बुखारी, गंदेरबल और बीरवा से जेल में बंद मौलवी एवं अलगाववादी नेता सरजन अहमद वागे, खानयार से नेकां नेता अली मोहम्मद सागर, चरार-ए-शरीफ से रहीम राथर, लाल चौक से भाजपा नेता ऐजाज हुसैन, बुढाल से चौधरी जुल्फिकार और सूरनकोट से सैयद मुश्ताक बुखारी शामिल हैं।

सीजेआइ ने कर्नाटक हाईकोर्ट के जज दी नसीहत

# भारत के किसी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि भारत के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह देश की क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की संविधान पीठ ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी श्रीशानंद द्वारा एक मामले की सुनवाई के दौरान बेंगलुरु के एक हिस्से को पाकिस्तान कहने के मामले में स्वतः संज्ञान सुनवाई करते हुए सख्त लहजे में यह टिप्पणी की। संविधान पीठ ने हालांकि न्यायमूर्ति श्रीशानंद के इस मामले में खुली में माफी मांगने के मद्देनजर उनके खिलाफ शुरू की गई स्वतः संज्ञान कार्यवाही बंद कर दी। संविधान पीठ ने कहा कि न्यायमूर्ति श्रीशानंद ने अपने दो अलग-अलग कार्यवाहियों के दौरान बेंगलुरु के एक हिस्से को पाकिस्तान बताने और एक महिला अधिवक्ता के खिलाफ व्यक्तिगत टिप्पणी करने के लिए माफी मांग ली है। इसी के मद्देनजर उनके खिलाफ स्वतः संज्ञान कार्रवाई बंद करने का यह

असर्फी हॉस्पिटल,धनबाद

SURGERY FROM ADMISSION TO DISCHARGE INCLUDING MEDICINE


| Package | Day | Price |
|---|---|---|
| Gallbladder | 4 | ₹ 37,000 |
| Hydrocele | 1 | ₹ 18,500 |
| Appendix | 3 | ₹ 30,500 |
| Lapchole | 3 | ₹ 35,500 |
| Hernia | 3 | ₹ 30,000 |
| Piles | 3 | ₹ 25,500 |

7808368888 www.asarfihospital.com

# शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 85 के हजार

एजेंसी

सेंसेक्स 256 अंक की मजबूती के साथ 85,169 पर पहुंचा, निफ्टी 64 अंक चढ़कर 26 हजार के पार



मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर पावरग्रिड, एनटीपीसी, टाटा स्टील, रिलायंस और मारुति समेत बीस दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार सेंसेक्स पहली बार 85 हजार और निफ्टी 26 हजार अंक के पार पहुंच गया।

सेंसेक्स 255.83 अंक की मजबूती के साथ सार्वकालिक उच्चतम स्तर 85,169.87 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 63.75 अंक चढ़कर 26,004.15 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली का दबाव रहा। इससे मिडकैप 0.53 प्रतिशत टूटकर 49,356.49 अंक और स्मॉलकैप 0.35 प्रतिशत की गिरावट लेकर 57,275.67 अंक रह गया। विश्लेषकों के अनुसार, सीमित दायरे में कारोबार के बाद, बेंचमार्क सूचकांकों में बढ़त दर्ज की गई, जिसकी अगुआई पावर और बैंकिंग शेयरों ने की, जबकि मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में मूल्यांकन संबंधी चिंताओं के कारण सुधार देखने को मिला। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश प्रवाह में कमी और अन्य उभरते बाजारों में उनके सस्ते मूल्यांकन से फंड ट्रांसफर के कारण घरेलू बाजार को अल्पकालिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि मध्य-पश्चिम में बढ़ते तनाव और कम ब्याज दरों की संभावना के बीच सुरक्षित-संपत्ति के रूप में सोने ने और अधिक आकर्षण प्राप्त किया है इस दौरान बीएसई के नौ समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे कमॉडिटीज 0.23, ऊर्जा 0.02, वित्तीय सेवाएं 0.09, दूरसंचार 0.24, यूटिलिटीज 0.99, बैंकिंग 0.34, धातु 0.40, पावर 0.87 और रियल्टी समूह के शेयर 0.71 प्रतिशत उछल गए। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 78 अंक की गिरावट लेकर 84,836.45 अंक पर खुला और मुनाफावसूली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 84,743.04 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, दोपहर बाद शुरू हुई लिवाली की बदौलत यह बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 85,247.42 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

महर्षि हरिराम शरण शास्त्री शैक्षणिक एवं सामाजिक न्यास
MAHARSHI HARIRAM SHARAN SHASTRI EDUCATIONAL & SOCIAL TRUST
12A, 80G, CSR, NITI AYOG, E-ANUDAN
We Run Educational Institute SCIENCE 1999
Media& IT Courses
CIITM
A Leading IT & Media Institute
Chhotanagpur Institute of Information Technology & Management
AICTE APPROVED
mhsstrust@gmail.com ; directorciitm9141@gmail.com ; www.ciitm.in ; www.mhsstrust.org
हरि मंदिर रोड, हीरापुर, धनबाद। 9431914887, 9905186177